www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:04 बजे
सूर्यास्त शाम 5:25 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-82 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • वीरवार 27 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज़ ब्रीफ

### 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली**| कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की जनरल असेंबली ने सोमवार को भारत के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी अहमदाबाद को सौंप दी। यह आयोजन खास रहेगा क्योंकि 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स अपनी 100वीं वर्षगांठ मनाएंगे। भारत इससे पहले 2010 में दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजित कर चुका है। इस बार अहमदाबाद को इसकी आधुनिक खेल सुविधाओं, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और नरेंद्र मोदी स्टेडियम जैसे विश्वस्तरीय वेन्यू के कारण चुना गया है। मेजबान देश होने के नाते भारत को दो अतिरिक्त खेल जोड़ने का अधिकार भी मिलेगा।

### कैबिनेट बैठक में चार परियोजना को हरी झंडी

**नई दिल्ली**| कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पुणे मेट्रो के विस्तार के लिए 9,858 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना से शहर में मेट्रो कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इसके साथ ही सरकार ने रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट्स के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 7,280 करोड़ रुपए की नई योजना भी मंजूर की है। ये हाई-टेक मैग्नेट इलेक्ट्रिक वाहनों, रक्षा क्षेत्र, एयरोस्पेस और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में अहम भूमिका निभाते हैं। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि कैबिनेट ने गुजरात में द्वारका–कनालूस रेलवे लाइन और महाराष्ट्र में कर्जत–बदलापुर रेलखंड को डबल लाइन में बदलने का फैसला किया है। अतिरिक्त ट्रैक बिछने से दोनों राज्यों में ट्रेन परिचालन और क्षमता में बड़ी वृद्धि होगी।

### सीएम सुक्खू ने शहीद स्याल को दी श्रद्धांजलि

**शिमला**| हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां क्षेत्र के पटियालखर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने दुबई एयर शो के दौरान हुए हादसे में शहीद हुए विंग कमांडर नमांश स्याल को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि देश ने एक साहसी और कर्तव्यनिष्ठ पायलट को खो दिया है, जिनका बलिदान सदैव स्मरण रहेगा। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

## संविधान हमारी राष्ट्रीय चेतना और लोकतांत्रिक शक्ति का आधार : राष्ट्रपति मुर्मू

# कर्तव्य पालन ही राष्ट्र निर्माण की शक्ति है : पीएम

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान न केवल शासन का आधार है, बल्कि देश की राष्ट्रीय आत्मा और एकता का सबसे बड़ा प्रतीक है। उन्होंने याद दिलाया कि 26 नवंबर 1949 को इसी कक्ष में संविधान निर्माण का ऐतिहासिक कार्य पूरा हुआ था। राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान निर्माताओं-विशेषकर डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. राजेंद्र प्रसाद- की दूरदर्शिता को नमन किया। उन्होंने कहा कि 2015 में बाबा साहेब की 125वीं जयंती पर 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित करने का निर्णय युवाओं में संवैधानिक जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत की संसदीय प्रणाली ने पिछले वर्षों में जन-आकांक्षाओं को मजबूत आवाज दी है। गरीबी रेखा से 25 करोड़ लोगों के बाहर आने को राष्ट्रपति ने ''आर्थिक न्याय की विश्व की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक'' बताया। समाज में समानता और न्याय पर बल देते हुए उन्होंने EWS आरक्षण, दिव्यांग अधिकार कानून, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा और तीन तलाक पर रोक को उल्लेखनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि जीएसटी और अनुच्छेद 370 का संशोधन आर्थिक और राजनीतिक एकीकरण को नई दिशा देता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान केवल कानून नहीं, बल्कि भारत की ''राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ'' है। नए आपराधिक न्याय कानूनों को उन्होंने न्याय-प्रधान सोच की बड़ी पहल बताया। उन्होंने लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाने में महिला, युवा, किसान और जनजातीय समुदायों की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया। अपने संबोधन के अंत में राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्वास व्यक्त किया कि संसद के मार्गदर्शन में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने सभी देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं।



### प्रधानमंत्री मोदी ने याद किया 26 नवंबर 1949 का ऐतिहासिक क्षण



*संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के नाम पत्र लिखकर 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाए जाने के ऐतिहासिक क्षण को याद किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया गया, जिससे संवैधानिक मूल्यों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान ने साधारण परिवारों से आने वाले लोगों को भी राष्ट्र की सर्वोच्च संस्थाओं में सेवा का अवसर दिया है। उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर झुककर लोकतंत्र को नमन करने (2014) और संविधान को माथे से लगाने (2019) की अपनी स्मृतियाँ भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि संविधान ने करोड़ों भारतीयों में सपने देखने और उन्हें पूरा करने की शक्ति जगाई है। संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. आंबेडकर और कई महिला सदस्यों का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष खास है क्योंकि यह सरदार पटेल, भगवान बिरसा मुंडा और 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ तथा गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 51A में वर्णित कर्तव्य ही नागरिकों के अधिकारों की नींव हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने संवैधानिक कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें और विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान दें। अंत में उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूल और कॉलेज पहली बार वोट देने वाले युवाओं का सम्मान कर संविधान दिवस मनाएं।*

## दिल्ली चलो आंदोलन की 5वीं बरसी पर किसानों का चंडीगढ़ में प्रदर्शन

# केंद्र से अधूरे वादे पूरा करने की मांग, एसकेएम ने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पांच वर्ष पहले तीन कृषि कानूनों के खिलाफ शुरू हुए ऐतिहासिक दिल्ली चलो आंदोलन की बरसी पर पंजाब के हजारों किसान चंडीगढ़ पहुंचे और केंद्र सरकार पर अपने लिखित वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया। संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम एक विस्तृत ज्ञापन भेजकर कहा कि 9 दिसंबर 2021 को किसानों को जो लिखित आश्वासन दिए गए थे जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून, फसलों की गारंटीड खरीद, व्यापक कर्ज माफी तथा श्रम संहिता की वापसी वे अब तक अधूरे हैं।

सेक्टर-43 स्थित दशहरा ग्राउंड में भारी सुरक्षा के बीच एसकेएम से जुड़े लगभग 30 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने रैली को संबोधित किया और शाम तक शांतिपूर्वक स्थल छोड़ दिया। एसकेएम ने लिखा कि सरकार द्वारा एमएसपी समिति गठित करने और MSP@C2+50% लागू करने के लिखित आश्वासन के आधार पर आंदोलन स्थगित किया गया था, परंतु पाँच वर्ष बीत जाने के बाद भी वादे अधूरे हैं। एसकेएम के वरिष्ठ नेता और बीकेयू (लखोवाल) के अध्यक्ष हरिंदर सिंह लखोवाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार दोनों को आज सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि संसद और सभी विधानसभाओं में MSP@C2+50% लागू करने के लिए त्वरित कानून बनाया जाए।



उन्होंने कहा कि किसानों की सभी लंबित भुगतान राशि ब्याज सहित तत्काल जारी की जाए। लखोवाल ने आगे कहा कि किसानों और खेत मजदूरों के लिए व्यापक कर्ज माफी योजना लागू की जाए, माइक्रो फाइनेंस संस्थानों पर नियंत्रण कानून बनाया जाए, किसानों को ब्याज-मुक्त ऋण दिया जाए तथा हाल ही में जारी बिजली विधेयक 2025 को वापस लिया जाए। उन्होंने मांग रखी कि बिजली का निजीकरण रोका जाए, स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाने, संगठित क्षेत्र में स्थायी रोजगार सुनिश्चित करने, न्यूनतम वेतन 26,000 मासिक निर्धारित करने, असंगठित मजदूरों व खेत मजदूरों को 10,000 मासिक पेंशन देने, कपास पर 11% आयात शुल्क समाप्त करने वाली अधिसूचना रद्द करने और मनरेगा का बजट बढ़ाकर 200 दिन का काम तथा 700 दैनिक वेतन सुनिश्चित करने की जरूरत है। लखोवाल ने उर्वरक सब्सिडी को फिर से 84,000 करोड़ बहाल करने, DAP और यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, कालाबाजारी रोकने तथा किसानों पर नैनो यूरिया और नैनो डीएपी थोपने की प्रक्रिया तुरंत खत्म करने की भी मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि बाढ़ और भूस्खलन जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। ज्ञापन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को समाप्त कर सार्वजनिक क्षेत्र में नई फसल एवं पशुधन बीमा योजना लागू करने, बिजली विधेयक 2025, सीड्स बिल 2025, नेशनल को-ऑपरेशन पॉलिसी, नई शिक्षा नीति, कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति ढांचे और श्रम संहिताओं जैसी सभी नियो-लिबरल नीतियों को तुरंत वापस लेने की मांग भी शामिल है।

# कमला पसंद के मालिक की बहू ने की आत्महत्या


**• सुसाइड नोट में लिखा, प्यार और विश्वास नहीं तो रिश्ते की वजह क्या**

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

देशभर में मशहूर कमला पसंद और राजश्री पान मसाला ब्रांड के मालिक कमल किशोर चौरसिया के परिवार से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। चौरसिया परिवार की बहू दीप्ति चौरसिया ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित पारिवारिक बंगले में आत्महत्या कर ली। उनका शव पंखे से लटका मिला, जिसके बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। शुरुआती जांच में पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिससे पता चलता है कि दीप्ति लंबे समय से मानसिक तनाव में थीं।

**▪ सुसाइड नोट में दीप्ति का दर्द...**

*पुलिस द्वारा बरामद सुसाइड नोट में दीप्ति ने लिखा है अगर किसी रिश्ते में प्यार और विश्वास नहीं है, तो फिर उस रिश्ते को निभाने की वजह क्या है। हालाँकि, उन्होंने किसी व्यक्ति को सीधे तौर पर अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं ठहराया, लेकिन शब्दों से गहरे भावनात्मक संघर्ष और टूटन का संकेत मिलता है। दूसरी ओर, दीप्ति के मायके पक्ष ने ससुराल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि दीप्ति को आत्महत्या के लिए उकसाया गया था। हालांकि पुलिस ने इस आरोप की अभी पुष्टि नहीं की है और जांच जारी है।*



**▪ पति की दूसरी शादी को लेकर बढ़ रही चर्चा...**

*दीप्ति चौरसिया की शादी 2010 में हरप्रीत चौरसिया से हुई थी और उनका 14 साल का बेटा भी है। आत्महत्या के बाद परिवार के भीतर चल रहे तनाव को लेकर कई बातें सामने आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से दीप्ति और हरप्रीत के बीच संबंध अच्छे नहीं थे। कहा जा रहा है कि हरप्रीत ने दूसरी शादी कर ली थी और उनकी दूसरी पत्नी दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग से जुड़ी एक अभिनेत्री है। पुलिस अब इस पहलू की भी जांच कर रही है, क्योंकि पारिवारिक विवाद दीप्ति के मानसिक तनाव का प्रमुख कारण माना जा रहा है।*

**▪ पुलिस ने शुरू की विस्तृत जांच...**

*फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुसाइड नोट की सामग्री को आधार मानकर पुलिस कई कोणों पर काम कर रही है।*

# भारत में बचे हुए 5,800 यहूदियों को इज़राइल लाने का प्रस्ताव मंजूर

**• 2026 में 1,200 यहूदियों को पहले ही मिल चुकी है मंजूरी**

**एजेंसी | यरूशलम**

इज़रायल सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में रह रहे बनेई मेनाशी यहूदी समुदाय के बचे हुए लगभग 5,800 सदस्यों को अगले पाँच वर्षों में इज़रायल लाने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह कदम दशकों से चले आ रहे पुनर्वास प्रयासों में सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

**▪ यहूदी एजेंसी का बयान: 2030 तक पूरा होगा बड़ा लक्ष्य...**

यहूदी एजेंसी फ़ॉर इज़रायल ने बताया कि सरकार ने रविवार को बनी मेनाशी समुदाय के अलियाह (इज़रायल में आव्रजन) को पूरा करने के लिए एक व्यापक और महत्वपूर्ण योजना को स्वीकृति दी है।

एजेंसी के अनुसार यह ऐतिहासिक निर्णय 2030 तक भारत के पूर्वोत्तर से लगभग 5,800 यहूदियों को इज़रायल लाएगा। इसमें 1,200 ऐसे सदस्य भी शामिल हैं जिनके आव्रजन को 2026 के लिए पहले ही मंजूरी मिल चुकी है।

**▪ पहली बार कई एजेंसियों की संयुक्त भागीदारी...**

यह पहली बार होगा कि यहूदी एजेंसी, इज़रायल के चीफ़ रब्बीनेट, कन्वर्ज़न अथॉरिटी और पॉप्युलेशन व इमिग्रेशन अथॉरिटी के साथ मिलकर पूरी प्रक्रिया का नेतृत्व करेगी। यह टीमें आवेदकों की पात्रता जाँचेंगी, परिवहन (उड़ान) की व्यवस्था करेंगी, इज़रायल पहुंचने के बाद उनके रहने व पुनर्वास का प्रबंधन करेंगी।

**▪ 9 करोड़ शेकेल का विशेष बजट...**

इस बड़े ऑपरेशन के लिए सरकार ने 9 करोड़ शेकेल (करीब 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के विशेष बजट का अनुमान लगाया है। इस पूरी योजना को आवास और एकीकरण मंत्री ओफिर सोफ़र ने कैबिनेट के सामने प्रस्तुत किया था।

### हॉन्गकॉन्ग में 35 मंजिला इमारत में भीषण आग, 4 की मौत, 9 लोग घायल

**हॉन्गकॉन्ग**| हॉन्गकॉन्ग के उत्तरी ताई पो जिले में बुधवार को वांग फुक कोर्ट नामक 35-मंजिला रिहायशी कॉम्प्लेक्स की तीन इमारतों में भीषण आग लग गई। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक अभी भी कम से कम 13 लोग अंदर फंसे हो सकते हैं। कॉम्प्लेक्स में मरम्मत कार्य जारी था और इमारतें बांस की मचान से ढकी थीं, जिसकी वजह से आग तेजी से फैलने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद सरकार ने क्वॉन्ग फुक कम्युनिटी हॉल और तुंग चेओंग स्ट्रीट लीजर बिल्डिंग में अस्थायी शेल्टर बनाए हैं तथा अस्पताल में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

## सांवलिया सेठ मंदिर में चढ़ावा बना रिकॉर्ड

# चार दौर में 36 करोड़ 13 लाख, दान की गिनती आज भी जारी

**एजेंसी | चित्तौड़गढ़ (मेवाड़)**

मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री सांवलिया सेठ मंदिर में इस बार दिवाली के बाद प्राप्त दान ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को केवल चार दौर की गिनती में ही मंदिर को 36 करोड़ 13 लाख 60 हजार का चढ़ावा प्राप्त हुआ। दान की गिनती आज 26 नवंबर को भी जारी रहेगी, जबकि चेक, मनी ऑर्डर और ऑनलाइन दान अभी जोड़े नहीं गए हैं। इसलिए कुल दान राशि के 40 करोड़ से अधिक होने की संभावना जताई जा रही है।



### ▪ 2024 का रिकॉर्ड टूटा

*पिछले वर्ष (2024) दिवाली के बाद दो महीनों में मंदिर को कुल 34 करोड़ 91 लाख 95 हजार की राशि प्राप्त हुई थी, जो अब तक का रिकॉर्ड था। इस बार सिर्फ चार दिनों की गिनती में ही इसे पार कर लिया गया है।*

**▪ कैसे बढ़ा चढ़ावा?- गिनती का पूरा विवरण...**

*मंदिर बोर्ड सदस्य पवन तिवाड़ी के अनुसार, मंगलवार सुबह राजभोग आरती के बाद गिनती के चौथे दौर की शुरुआत हुई, जिसमें 8 करोड़ 15 लाख 80 हजार जुटे। इसी के साथ इस वर्ष का चढ़ावा पिछले सभी वर्षों से अधिक हो गया।*

*▪ खजाने की गिनती का क्रम इस प्रकार रहा... • पहला दौर (19 नवंबर): 12 करोड़ 35 लाख, • दूसरा दौर (21 नवंबर): 8 करोड़ 54 लाख, • तीसरा दौर (24 नवंबर): 78 लाख 80 हजार, • चौथा दौर (25 नवंबर): 8 करोड़ 15 लाख 80 हजार, • कुल राशि—36 करोड़ 13 लाख 60 हजार, जोकि पिछले वर्ष के कुल चढ़ावे 34,91,95,008 से अधिक है।*

**▪ इस बार खजाना दो महीने बाद खोला गया...**

*परंपरा के अनुसार, दिवाली से एक दिन पहले (चतुर्दशी) दान पेटियों को नहीं खोला जाता और अगले महीने के नवचंद्र से पहले चतुर्दशी के दिन खजाना खोला जाता है। इस बार विशेष परिस्थिति में दो महीने बाद खजाना खोला गया, जिसके कारण दान राशि में बड़ी वृद्धि देखी गई।*

# भारत की हवा में नई उड़ान: सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया का पीएम ने उद्घाटन किया

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के जीएमआर एयरोस्पेस एवं औद्योगिक पार्क-एसईजेड में स्थित सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया की अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहाल) सुविधा का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा भारत के विमानन क्षेत्र को "एक नई उड़ान" देगी और देश को वैश्विक एमआरओ केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का विमानन क्षेत्र हाल के वर्षों में अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ा है और घरेलू विमानन बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल हो चुका है। उन्होंने बताया कि भारतीय एयरलाइनों ने 1,500 से अधिक नए विमानों के ऑर्डर दिए हैं, जिससे भविष्य में एमआरओ सेवाओं की मांग और तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल भारत का लगभग 85% एमआरओ कार्य विदेशों में होता है, जिससे समय और लागत दोनों बढ़ते हैं। इसे बदलने की दिशा में भारत सरकार तेज़ी से काम कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सफ्रान विमान इंजन डिजाइन और कलपुर्जों के विकास में भी भारत के साथ साझेदारी को और बढ़ाएगा। मोदी ने कहा कि भारत का लक्ष्य सिर्फ विमानन एमआरओ तक सीमित नहीं है, बल्कि शिपिंग और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों में भी मजबूत एमआरओ इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। उन्होंने "डिज़ाइन इन इंडिया" को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि भारत का विशाल एमएसएमई नेटवर्क और युवा तकनीकी प्रतिभा विश्वस्तरीय नवाचार का आधार बन सकती है।



# बारातियों से भरी स्कॉर्पियो की ट्रक से टक्कर, 5 की मौत, 3 गंभीर घायल

## पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए

समर न्यूज़ | छत्तीसगढ़



सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार और ट्रक - समर न्यूज़

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के सुकली गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर देर रात एक हादसे में पांच बारातियों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बारातियों से भरी स्कॉर्पियो की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई।

जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक बताई है।

सभी मृतक नवांगढ़ के शांति नगर, सड़क पारा क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी लोग शादी समारोह से नवांगढ़ लौट रहे थे, तभी सुकली के पास यह भीषण टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही जांजगीर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

## सड़क हादसे में नई-नवेली दुल्हन की मौत, पति घायल



मृतका अमरदीप कौर - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | फतेहगढ़ साहिब

फतेहगढ़ साहिब में एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना में नई-नवेली दुल्हन की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय दुल्हन के हाथों की मेहंदी भी पूरी तरह नहीं उतरी थी। जानकारी के अनुसार, दोनों की शादी मात्र तीन दिन पहले, 23 नवंबर को हुई थी। मृतका की पहचान अमरदीप कौर (21) और घायल युवक की पहचान गुरमुख सिंह के रूप में हुई है। बडाली आला सिंह थाने के SHO हरकीरत सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मानुपुर–बलदे रोड पर एक तेज़ रफ़्तार कार पेड़ से टकरा गई है। कार में नवविवाहित दंपति सवार था। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमरदीप कौर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# पंजाब पुलिस के दो डीएसपी सस्पेंड

## अकाली उम्मीदवार की बेटी से जुड़े मामले में हाई कोर्ट को ठोस स्पष्टीकरण न देने पर गिरी गाज

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



डीएसपी हरजिंदर सिंह और डीएसपी गुलज़ार सिंह - समर न्यूज़

तरणतारन में एसएसपी के बाद अब पंजाब पुलिस के दो डीएसपी को भी निलंबित कर दिया गया है। सस्पेंड किए गए अधिकारियों में डीएसपी हरजिंदर सिंह और डीएसपी (पीबीआई) गुलज़ार सिंह शामिल हैं।

यह कार्रवाई एक अकाली उम्मीदवार की बेटी और आईटी विंग इंचार्ज के खिलाफ दर्ज एक मामले के संबंध में की गई है। बताया जा रहा है कि इन दोनों अधिकारियों हाई कोर्ट को केस दर्ज करने और आईटी विंग इंचार्ज की गिरफ्तारी को लेकर कोई ठोस स्पष्टीकरण देने में असफल रहे। इस मामले में कई अन्य अकाली नेताओं को भी पहले ही जमानत मिल चुकी थी, जिसके बाद सरकार ने अधिकारियों को केस की कमजोर पैरवी के लिए जिम्मेदार ठहराया। कुल एक दिन पहले ही डीजीपी गौरव यादव नई दिल्ली में चुनाव आयोग के सामने पेश हुए थे। इसी के बाद दोनों अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए। इससे पहले भी, तरणतारन उपचुनाव में मतदान से तीन दिन पहले चुनाव आयोग ने जिले की महिला एसएसपी रवजोत कौर ग्रेवाल को सस्पेंड किया था। तरणतारन में अकाली दल के उम्मीदवार सुखविंदर कौर रंधावा की बेटी कंचनप्रीत कौर रंधावा, शिरोमणि अकाली दल आईटी विंग के सूबा प्रधान नछत्तर सिंह गिल, राष्ट्रीय सचिव गुरसेवक सिंह शेख, काउंसलर शाम सिंह मुरादपुरा, सरपंच वरिंदर सिंह सोनू ब्राड़ (डोडे), अजमेर सिंह काका (छप्पा), बलविंदर सिंह बिंदा (भुच्चर) समेत कुल 30 लोगों के खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज की गई थीं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इनमें से 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें आईटी विंग इंचार्ज नछत्तर सिंह को अमृतसर से पकड़ा गया। बाद में करीब 12 लोगों को गिरफ्तारी के बाद जमानत मिल गई। सभी आरोपियों को तरणतारन की अदालत ने जमानत पर रिहा किया था। इसके बाद अकाली दल ने गिल की रिहाई को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में पिटीशन दायर की, जहां उन्हें भी जमानत मिल गई।

# अमृतसर में सीमा पार तस्करी मॉड्यूल से जुड़े दो भाई आईईडी सहित गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़/अमृतसर



इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस - समर न्यूज़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान, खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुये अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने दो व्यक्तियों को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और दो मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार कर सीमा-पार तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान आकाशदीप सिंह उर्फ आकाश और युवराज सिंह के रूप में हुई है। यह व्यक्ति दोनों भाई हैं और अमृतसर के गांव रणीके के निवासी हैं। आईईडी और मोबाइल फोन बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उनका मोटरसाइकिल भी जब्त किया है, जिसका उपयोग वे आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कर रहे थे।डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये दोनों एक पाकिस्तान-आधारित हैंडलर के संपर्क में थे, जिससे इस साजिश के पीछे सीमा-पार के मजबूत संबंधों का खुलासा होता है। उन्होंने कहा कि इस मामले के अगले-पिछले संबंधों को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है। अधिक जानकारी देते हुए, डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस (डीआईजी) बॉर्डर रेंज संदीप गोयल ने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों व्यक्ति सीमावर्ती राज्य में शांति और सद्भावना को भंग करने के उद्देश्य से क्षेत्र में आतंकी हमला करने की साजिश रच रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस टीमें आरोपियों से गहराई से पूछताछ कर रही हैं, ताकि उनके हैंडलरों की पहचान की जा सके और मॉड्यूल के अन्य सदस्यों की भूमिका का पता लगाया जा सके।इस ऑपरेशन के बारे में बताते हुए, अमृतसर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुहैल कासिम मीर ने कहा कि खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, अमृतसर ग्रामीण की स्पेशल सेल की टीम ने दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया और उनके कब्जे से आईईडी बरामद की। उन्होंने बताया कि मौके पर फॉरेंसिक टीमों को बुलाया गया, जिन्होंने आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

## राज्य के हर जिले में लगेंगे पंजाब सखी शक्ति मेलेः सौंद

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि प्रदेश की महिलाओं को अपनी कुशलता, रचनात्मकता और हस्तनिर्मित उत्पादों को लोगों के सामने लाने के लिए सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से पंजाब सखी शक्ति मेले आयोजित किए जा रहे हैं। पहला मेला 26 नवंबर से संगरूर में शुरू हो गया है। संगरूर के रणबीर कॉलेज ग्राउंड में यह मेला 30 नवंबर तक चलेगा। ये मेले ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सहयोग से लगाए जा रहे हैं। पंजाब सखी शक्ति मेले 26 नवंबर 2025 से संगरूर से शुरू होकर फरवरी 2026 तक प्रदेश के सभी 23 जिलों में आयोजित किए जाएंगे। इन मेलों में हस्तकला, हथकरघा कपड़े, फुलकारी, घर की सजावट की वस्तुएं, जैविक खाद्य पदार्थ, शहद, मसाले, डिटर्जेंट, फिनाइल तथा अन्य घरेलू उत्पाद बिक्री के लिए प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अलावा खाने-पीने के स्टॉल भी मेले की विशेष आकर्षण रहेंगे।

# मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गन्ने का दाम 416 प्रति क्विंटल किया

## दीनानगर में नई शुगर मिल और को-जनरेशन प्लांट का उद्घाटन किया

समर न्यूज़ | दीनानगर



देश भर में गन्ना किसानों को सबसे अधिक भाव देने की परंपरा को बरकरार रखते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगामी पिड़ाई सीजन के लिए गन्ने का भाव बढ़ाकर 416 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की है, जो पूरे राज्य के किसानों के हितों की रक्षा के प्रति राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

दीनानगर में नई शुगर मिल और को-जनरेशन प्लांट का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब गन्ने का सबसे अधिक भाव देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर एक नया मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य के किसानों को देश भर में सबसे अधिक भाव देने से किसानों को बड़ा लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने गुरदासपुर में नई सहकारी शुगर मिल को जनता को समर्पित किया है, जो राज्य के सहकारी और कृषि-औद्योगिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई मिल की पिड़ाई क्षमता 5,000 टीसीडी तक बढ़ा दी गई है, जो क्षेत्र में गन्ने की फसल की समय पर और कुशल पिड़ाई सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि नया शुगर कॉम्प्लेक्स प्रसंस्करण क्षमता और किसानों की आय बढ़ाते हुए गन्ने का सुचारु उपयोग सुनिश्चित करेगा। इससे चीनी की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ परिवहन लागत भी कम होगी। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने के साथ-साथ स्थायी राजस्व स्रोत भी पैदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अत्याधुनिक सल्फर-रहित रिफाइंड शुगर प्लांट भी स्थापित किया गया है, जो प्रीमियम ग्रेड चीनी उत्पादन करने में सक्षम है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि एक और प्रमुख विशेषता 28.5 मेगावाट को-जनरेशन पावर प्लांट का चालू होना है, जिसे पीएसपीसीएल को 20 मेगावाट अतिरिक्त बिजली निर्यात करने के लिए तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बिजली निर्यात से प्रत्येक पिड़ाई सीजन के दौरान लगभग 20 करोड़ रुपए सालाना राजस्व उत्पन्न होने का अनुमान है, जिससे मिल की वित्तीय स्थिरता को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस विस्तार से पूरे क्षेत्र के गन्ना उत्पादकों को सीधा लाभ होगा और मिल को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों की संख्या 2,850 से बढ़कर लगभग 7,025 तक पहुंचने की उम्मीद है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे दूर-दराज की निजी मिलों पर निर्भरता बहुत कम हो जाएगी, किसानों का परिवहन समय और लागत काफी घटेगी।

बीजेपी नेता अश्विनी शर्मा पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पहले यह सुनिश्चित करें कि हाल के बाढ़ों के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा 'टोकन राहत' के रूप में घोषित 1,600 करोड़ रुपए की राशि पंजाब को जल्द मिले। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताओं को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में शामिल होने के बजाय केंद्र से पंजाब का हक और वैध अधिकार सुरक्षित कराने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने उपभोक्ता ब्रांड 'फतेह शुगर' भी लॉन्च किया, जिसमें रिफाइंड शुगर, कास्टर शुगर और आइसिंग शुगर के 1 किलो पैक के साथ-साथ 5 ग्राम पाउच भी शामिल थे। उन्होंने उम्मीद जताई कि बटाला सहकारी शुगर मिल में तैयार इस सल्फर-मुक्त उत्पाद से अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न होगा और उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाली प्रीमियम चीनी का विकल्प मिलेगा। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक और चेयरमैन शुगरफेड नवदीप सिंह जीदा उपस्थित थे।

# संविधान को जानो, अपनाओ और उसके अनुसार जियो : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

समर न्यूज़ | जयपुर




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला - समर न्यूज़

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए संविधान के अध्ययन और उसके पालन के महत्व पर बल दिया।

बिरला ने कहा कि संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो युवाओं को यह समझना होगा कि देश की प्रगति में उनकी भूमिका कितनी अहम है। उन्होंने कहा कि भारत की बोली, भाषा, खानपान और विभिन्न परंपराओं में भले ही विविधता है, लेकिन इन सभी को एक सूत्र में पिरोने का कार्य हमारा संविधान करता है। लोकसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि हर विद्यालय और महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में संविधान का अध्ययन अनिवार्य होना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बन सके। उन्होंने बताया कि भारत का संविधान न केवल दुनिया के सबसे विस्तृत संविधानों में से एक है, बल्कि कई देशों के लिए मार्गदर्शक भी रहा है। जयपुर के अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान बिरला ने युवाओं से संवैधानिक जागरूकता बढ़ाने और संविधान के मूल्यों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

## विजीलैंस ब्यूरो ने रिश्वत मांगने के आरोप में ए.एस.आई. गिरफ्तार किया

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने थाना भोगपुर, जिला जालंधर में तैनात ए.एस.आई. जसविंदर सिंह को 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

विजीलैंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पोर्टल पर जालंधर शहर के मकसूदां निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद की गई है। जांच के दौरान पता चला कि शिकायतकर्ता को थाना भोगपुर में दर्ज एक मामले में आरोपी के रूप में नामजद किया गया था। उस मामले के जांच अधिकारी ए.एस.आई. जसविंदर सिंह ने शिकायतकर्ता को गिरफ्तार न करने, पिस्तौल की बरामदगी न दिखाने और पहले से गिरफ्तार आरोपी सुरजीत सिंह के लिए आगे पुलिस रिमांड न मांगने के बदले एस.एच.ओ. राजेश कुमार के नाम पर 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने वह बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी जिसमें आरोपी ए.एस.आई. 5 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता की गुजारिश पर रिश्वत की राशि को कम करके 2 लाख रुपये कर दिया गया था। जांच के दौरान एस.एच.ओ. राजेश कुमार द्वारा रिश्वत मांगने के संबंध में कोई सबूत नहीं मिला। हालांकि आगे की जांच में एस.एच.ओ. की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# शादी से लौटते समय कार नहर में गिरी

## 5 की मौत, ग्रामीणों ने कार में रस्सी बांधकर बाहर निकाला

समर न्यूज़ | लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश



नहर में गिरी ऑल्टो कार - समर न्यूज़

एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी समारोह से लौट रही एक ऑल्टो कार मंगलवार देर रात शारदा नहर में गिर गई।

हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना रात करीब 1 बजे पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ढखेरवा गिरजापुरी हाईवे पर पारस पुरवा गांव के पास हुई। बताया जा रहा है कि कार अनियंत्रित होकर सीधे नहर में जा गिरी और गेट बंद होने के कारण सवार लोग बाहर नहीं निकल पाए। कार के नहर में गिरने की तेज आवाज सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्हें कार पानी में पूरी तरह डूबी हुई मिली। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और खुद टॉर्च की रोशनी में नाव लेकर नहर में उतर गए।

ग्रामीणों ने कार में रस्सी बांधकर उसे बाहर निकाला और शीशा तोड़कर सभी को बाहर निकालने की कोशिश की। तुरंत सभी को सीएचसी रमिया बेहार ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# विधान सभा में धूरी से आए विद्यार्थी ने नेता सदन के रूप में विपक्ष पर साधे निशाने

## बैंस के प्रतिनिधि विद्यार्थी ने पंजाब सरकार की शिक्षा क्रांति के बारे में सदन को अवगत कराया

समर न्यूज़ | आनंदपुर साहिब

भारत के संविधान दिवस के अवसर पर आज आनंदपुर साहिब में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के संबंध में स्थापित की गई पंजाब विधान सभा में आज पंजाब के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा विधान सभा का मॉक सत्र आयोजित किया गया। हालांकि यह मॉक सत्र था, लेकिन जिस तरह पंजाब के 117 विधायकों के प्रतिनिधियों ने आज अपनी भूमिका निभाई, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पंजाब विधान सभा का सत्र ही चल रहा हो। धूरी के विधायक एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के प्रतिनिधि स्कूल ऑफ एमिनेंस घनौरी कलां के छात्र हरिकमलदीप सिंह ने सदन की पूरी कार्यवाही के दौरान विपक्ष के हमलों को तथ्यों के आधार पर बेअसर कर दिया।

विधान सभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के प्रतिनिधि सरकारी आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटधंदल के छात्र हरप्रीत सिंह ने पंजाब से संबंधित कई मुद्दे उठाए और उनकी मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि से कई बार तीखी नोक-झोंक हुई। विधान सभा क्षेत्र कोटकपूरा से विधायक एवं पंजाब विधान सभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां के प्रतिनिधि एच.एस.एन. स्कूल ऑफ एमिनेंस जैतो के छात्र जगमंदर सिंह ने सदन की कार्यवाही को बेहतरीन ढंग से चलाया और सत्ताधारी पक्ष तथा विपक्ष के बीच हुए झगड़ों को बड़ी गंभीरता से सुलझाया। सत्र के दौरान उन्होंने कार्यवाही दो बार स्थगित की। आनंदपुर साहिब से विधायक एवं पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के प्रतिनिधि स्कूल ऑफ एमिनेंस कीरतपुर साहिब के छात्र दलजीत सिंह ने पंजाब सरकार की शिक्षा क्रांति के बारे में सदन को अवगत कराया। सत्र के दौरान पट्टी से विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर के प्रतिनिधि छात्र पी.एम. सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरिके पत्तन के गुरसेवक सिंह द्वारा निभाई गई भूमिका की दर्शकों ने खूब सराहना की। गुरसेवक सिंह ने पूरी कार्यवाही के दौरान विपक्ष द्वारा सरकार पर उठाए गए सवालों का जोर-शोर से जवाब दिया। गुरसेवक सिंह की शैली ऐसी थी जैसे कि वे कोई वरिष्ठ विधानकार हों।

**पदोन्नत** पंजाब सरकार जेल के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए वचनबद्ध

# भुल्लर ने 6 नव पदोन्नत एआईजी-सुपरिंटेंडेंट सेंट्रल जेल अधिकारियों के कंधों पर लगाए स्टार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



लालजीत सिंह भुल्लर और 6 नव-पदोन्नत ए.आई.जी. - समर न्यूज़

प्रदेश में जेलों के कार्यप्रणाली को मजबूत करने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक मिसाली कदम में, जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने आज यहां पंजाब सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में नव-पदोन्नत जेल अधिकारियों का सम्मान किया।

इस मौके पर 6 एआईजी/सुपरिंटेंडेंट सेंट्रल जेल अधिकारियों के कंधों पर स्टार लगाए गए। उल्लेखनीय है कि कुल 14 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है, जिनमें 6 ए.आई. जी./सुपरिंटेंडेंट सेंट्रल जेल और 8 डी.एस.पी. ग्रेड-1 शामिल हैं। जेल मंत्री ने पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस कदम का उद्देश्य पंजाब में जेलों के बुनियादी ढांचे के अधिक प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ स्टाफ की आवश्यकता को पूरा करना और प्रशासनिक दक्षता में और सुधार करना है। उन्होंने आगे बताया कि उच्च रैंक प्राप्त होने से जिम्मेदारी के साथ-साथ निर्णय लेने का अधिकार भी मिल जाता है, जो पदोन्नत अधिकारियों को सुरक्षा, अनुशासन सुनिश्चित करने और कैदियों की भलाई के लिए विभिन्न उपाय करने में सक्षम बनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि ये पदोन्नतियां योग्यता और कुशलता को दर्शाती हैं तथा इस तरह कर्मचारियों को ईमानदारी और पेशेवराना उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करती हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इन अधिकारियों के पास वर्षों की विशेषज्ञता है और सुधारात्मक प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता एवं कुशल प्रणाली सुनिश्चित करेंगे। पदोन्नत अधिकारियों से बातचीत के दौरान मंत्री ने जेलों के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने तथा कैदियों के लिए व्यापक शैक्षणिक, व्यावसायिक और अन्य कई कल्याण-केंद्रित कदमों की तैयारी के लिए पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

एडीजीपी (जेल) अरुण पाल सिंह ने नव-पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए विभाग के समग्र कार्यप्रणाली में हर अधिकारी और स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी बताया।

समर प्राइम 3


www.summerexpress.in

27 नवंबर 2025

समर एक्सप्रेस


## मैं बोलूंगा तो...

### नवाचार का स्वाद और नौकरशाही का नमक



समर न्यूज | चंडीगढ़

नवाचार का नाम सुनते ही दिल में घंटियां बजने लगती हैं। मानो कोई आध्यात्मिक ज्योति प्रगट हो गई हो—"हर दिन कुछ नया कीजिए!" अब नया क्या? यह कोई नहीं बताता। कोई सराह ले तो वाह-वाह, कोई कोस दे तो चलो हवा में उड़ा दो। नवाचार ऐसा महापुरुष है, जो कभी-कभी इतना नया कर देता है कि खुद करने वाला भी बाद में पूछ ले—"ये क्या कर दिया भाई?" इसी तपस्या में राजस्थानी पोशाक दिवस का विचार उतरा। शिक्षा में संस्कृति का तड़का। अब यह मत पूछिए कि बच्चे पोशाक कहां से लाएंगे। बच्चे जुगाड़ के ब्रह्मास्त्र होते हैं-कल तक डिब्बे में परांठा की जगह खिलौना डालते थे, अब शायद पगड़ी और धोती भी सम्भाल लेंगे। बस ध्यान रहे, कहीं अगले हफ्ते मास्टर साहब पूरी तैयारी के साथ ऊंट पर बैठकर स्कूल न पहुंच जाएं। उसके बाद PTA मीटिंग में ऊंट के चारे पर बजट चर्चा होगी। लेकिन विचारों का खेल यहीं नहीं रुकता। आज पोशाक, कल भाषा। आज पगड़ी, कल पाठ्यक्रम में "थारू पधारो म्हारे देश – पूर्णांक 20 marks"। संस्कृति को लेकर कट्टर होने की सलाह भी दी जा रही है। आखिर कट्टरता जब सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा चलन में है तो संस्कृति क्यों पीछे रहे? थोड़ी कट्टरता, थोड़ा तड़का—राज्य गर्व की रेसिपी तैयार।

अब असली मजा आता है नौकरशाही की ओर नज़र घुमाने में। बाकी राज्यों में तो मुख्य सचिव से लेकर फाइल उठाने वाले बाबू तक—ज्यादातर वहीं के लोग मिल जाते हैं। हमारे राजस्थान में यह पैमाना हमेशा ग्लोबल रखा गया है। यहाँ कोई बाध्यता नहीं—चाहे साहब गाँव का "घणी राम-राम" भी न समझें, चलेगा। गाँव वाला मारवाड़ी में दिल का दुख सुना रहा होता है और सामने बैठे साहब शुद्ध सरकारी हिंदी में दया दिखा रहे होते हैं। हालात ऐसे जैसे मोबाइल का नेटवर्क बाड़मेर में हो और टॉवर जयपुर में।

बेचारा आम आदमी तो संवाद के भरोसे आया था, लेकिन भाषा के इस 'रोमांचक असमानता' शो में उसका दुख भी अनुवाद होकर खो जाता है। अब जब अधिकारी राज्य की भाषा समझेंगे ही नहीं तो भला राज्य की भावना पकड़ेंगे कैसे? और आम आदमी की नब्ज़ तो भूल ही जाइए—वह तो फाइलों के पन्नों में कहीं दबकर "मंजूरी प्रतीक्षारत" हो जाती है। नवाचार अच्छा है, पोशाक दिवस भी मजेदार आइडिया है—पर असली नवाचार तब होगा जब सत्ता के गलियारों में बैठे लोग उस भाषा में भी सोचने लगेंगे, जिसमें यह राज्य सांस लेता है। वरना यह नवाचार भी बस "उपलब्धि रिपोर्ट" में ही अच्छा लगेगा—जमीन पर नहीं।

## Good DAY

समर न्यूज | लुधियाना



नई सुबह अपने साथ नई ऊर्जा, नए अवसर और सकारात्मक बदलावों का विश्वास लेकर आती है। लुधियाना हमेशा हौसले, नवाचार और एकजुटता की पहचान रहा है, और यहाँ की महिलाएँ, युवा और उद्यमी अपनी मेहनत और लगन से हर दिन हमें नई प्रेरणा देते हैं। आने वाले वर्ष में फिक्की फ्लो लुधियाना का उद्देश्य महिलाओं के कौशल को सशक्त बनाना, सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना और ऐसा वातावरण तैयार करना है जहाँ हर व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा कर सके। आइए, आज के दिन की शुरुआत आशा, दया और सकारात्मक सोच के साथ करें।

**सनम मेहरा**
**सीनियर वाइस चेयरपर्सन**
**फिक्की फ्लो लुधियाना**

# जोमैटो के ग्राहक डेटा शेयरिंग प्लान से हंगामा प्राइवेसी खतरे में और स्पैम मैसेज का डर बढ़ा

## रेस्टोरेंट्स को ग्राहकों का मोबाइल नंबर देने की तैयारी; डीपीडीपी नियमों के बीच गंभीर कानूनी-सामाजिक



समर न्यूज़ | मोहाली

जोमैटो की ओर से रेस्टोरेंट पार्टनर्स के साथ ग्राहक डेटा साझा करने की नई योजना ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। डेटा प्राइवेसी के समर्थकों, नेताओं और टेक विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम न केवल उपयोगकर्ताओं की निजता पर खतरा बढ़ाएगा, बल्कि स्पैम कॉल और प्रमोशनल मैसेज की बाढ़ भी ला सकता है। सरकार द्वारा हाल ही में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन नियम लागू किए जाने के बाद यह मुद्दा और संवेदनशील हो गया है, क्योंकि इसमें पारदर्शिता और स्पष्ट सहमति का विशेष प्रावधान है।

ताज़ा जानकारी के मुताबिक, जोमैटो ने रेस्टोरेंट्स को मार्केटिंग और प्रमोशन के लिए ग्राहकों का मोबाइल नंबर साझा करने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। कुछ उपयोगकर्ताओं को ऐप पर रेस्टोरेंट से प्रमोशनल संपर्क की अनुमति मांगने वाला पॉप-अप दिखाई दे रहा है। एक बार सहमति देने के बाद उपयोगकर्ता अपने फोन नंबर को वापस नहीं ले सकते यही नियम सबसे विवादित साबित हुआ है।

अब तक फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ग्राहक का मोबाइल नंबर छिपाकर रखते थे। रेस्टोरेंट्स को केवल मैक्रो-लेवल डाटा मिलता था। जैसे किसी इलाके से कितने ऑर्डर आते हैं, लेकिन व्यक्ति-विशेष की कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं। इसी को लेकर रेस्टोरेंट इंडस्ट्री सालों से आपत्ति जताती रही है। (नेशनल रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) लंबे समय से जोमैटो और स्विगी पर यह आरोप लगाता रहा है कि वे ग्राहक डेटा रोककर उन्हें मार्केटिंग क्षमता से वंचित रखते हैं। कई मामलों में रेस्टोरेंट्स ने भारी कमीशन और डिस्काउंट की नीति को भी एंटी-कॉम्पिटिटिव बताया था। रेस्टोरेंट्स का तर्क है कि डेटा मिलने से वे अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा दे पाएंगे, कम्युनिकेशन सीधा होगा और मार्केटिंग खर्च भी नियंत्रित रहेगा। उदाहरण के लिए, अगर ऑर्डर में कोई समस्या हो, तो वे तुरंत ग्राहक से संपर्क कर सकते हैं।

### राजनीतिक व कानूनी मोर्चे पर बढ़ी परेशानी

*जोमैटो के इस कदम ने सोशल मीडिया से लेकर संसद के गलियारों तक विवाद खड़ा कर दिया है। राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा कि ग्राहक नंबर साझा करने से "प्राइवेसी रिस्क और स्पैम की बाढ़" का खतरा है। उन्होंने डीपीडीपी एक्ट के तहत स्पष्ट ऑप्ट-इन गाइडलाइंस लागू करने की मांग की।*

*आईटी स्थायी समिति की सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने चेतावनी दी है कि ऐसे एकतरफा फैसले पार्लियामेंट्री जांच को मजबूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जोमैटो इसे पारदर्शिता बता रहा है, लेकिन असल में यह ग्राहक डेटा सुरक्षा के नियमों के खिलाफ है।*

*मार्केटिंग विशेषज्ञ सुहेल सेठ ने इस कदम को पूरी तरह अस्वीकार्य करार देते हुए कहा कि सरकार को इसे रोकना चाहिए क्योंकि इसके बाद ग्राहकों की खाने की आदतों समेत निजी जानकारी भी साझा होने का खतरा बन सकता है।*

- **जोमैटो की सफाई...**

*विवाद बढ़ने पर जोमैटो के सीईओ आदित्य मंगला ने लिंक्ड इन पर स्पष्ट किया कि अगर इसे मंजूरी मिलती है तो केवल मोबाइल नंबर ही रेस्टोरेंट्स को दिया जाएगा, कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं। उनकी सफाई के बावजूद चिंताएं कम नहीं हुई हैं, क्योंकि विशेषज्ञों के मुताबिक फोन नंबर ही पर्याप्त है किसी भी उपयोगकर्ता की निजता को खतरे में डालने, प्रोफाइल बनाने या मार्केटिंग डाटा तैयार करने के लिए।*

## अफगान वाणिज्य मंत्री की भारत यात्रा से नए आर्थिक समीकरण

# भारत–अफगान व्यापार, कनेक्टिविटी और पर बड़ी प्रगति, पाक में बेचैनी

एजेंसी | नई दिल्ली

अफगानिस्तान के वाणिज्य और उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अज़ीज़ी की भारत यात्रा ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से ठंडे पड़े आर्थिक संबंधों में नई जान डाल दी है। सबसे अहम घोषणा—"भारत के साथ वीज़ा का मुद्दा अब हल हो चुका है", जिसके बाद अफगान नागरिक और व्यापारी काबुल स्थित भारतीय दूतावास से आसानी से व्यापारिक और चिकित्सा वीज़ा प्राप्त कर सकेंगे। तालिबान शासन के 2021 में सत्ता में आने के बाद यह सबसे बड़ा प्रैक्टिकल बदलाव है।

भारत और अफगानिस्तान के बीच कपड़ा, खनन, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर उच्चस्तरीय चर्चा हुई। अज़ीज़ी ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ मुलाकात में 1 अरब डॉलर से अधिक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य दोहराया। दोनों देशों ने वीज़ा, उड़ान सेवाएँ, एयर कॉरिडोर, बैंकिंग, एफएसएसएआई शुल्क छूट, व्यापारिक मार्ग, संयुक्त वाणिज्य मंडल और संयुक्त कार्य-समूह को सक्रिय करने जैसे महत्वपूर्ण अवरोध हटाने पर सहमति जताई।

### ▪ अफगानिस्तान के लिए भारत क्यों बन रहा है पहली पसंद...

*अज़ीज़ी ने स्पष्ट किया कि खनन, कृषि, स्वास्थ्य और निवेश क्षेत्रों में भारत को प्राथमिकता दी जाएगी। पाकिस्तान के साथ हालिया सीमा तनाव, व्यापार अवरोध और हजारों ट्रकों के फँसने के बाद काबुल ने संकेत दिया है कि भारत उसके लिए एक विश्वसनीय, स्थिर और उच्च-गुणवत्ता वाला दीर्घकालिक साझेदार है।*

*भारत–अफगान एयर कॉरिडोर, चाबहार बंदरगाह और मध्य एशियाई ज़मीनी मार्गों की सक्रियता पाकिस्तान के "ट्रांजिट हब" की भूमिका को कमजोर करेगी। इसके साथ ही अफगानिस्तान ने पाकिस्तान की दवाइयों के आयात पर तीन महीने का प्रतिबंध लगाया है, जो पाकिस्तान की फार्मा और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।*

- **क्षेत्रीय भू-राजनीति में बड़ा बदलाव...**

*भारत–अफगानिस्तान की बढ़ती निकटता सिर्फ द्विपक्षीय स्तर पर नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण और मध्य एशिया की रणनीतिक दिशा को बदलने वाली है।*

*यह क़दम...• चीन–पाकिस्तान CPEC धुरी की सीमाओं को उजागर करता है। • भारत की "कनेक्ट सेंट्रल एशिया" नीति को नई मजबूती देता है।*

*• अफगानिस्तान के बहु-आयामी साझेदार बनने की इच्छा को दर्शाता है। तालिबान नेतृत्व खुलकर कह रहा है कि अफगानिस्तान "व्यापार के लिए खुला है" और भारतीय कंपनियों को सुरक्षा व भरोसा दिया जाएगा—जो खनन, रेयर अर्थ मिनरल्स, कृषि-प्रोसेसिंग, चिकित्सा सेवाएँ, कपड़ा उद्योग और परिवहन संपर्क में बड़े अवसर खोलता है।*

- **दो सप्ताह में दो हाई-लेवल अफगान यात्राएं- नया भरोसा, नई दिशा...**

*विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की हालिया सफल भारत यात्रा ने संवाद का आधार तैयार किया था। उसे आगे बढ़ाते हुए अज़ीज़ी की यह यात्रा व्यावहारिक प्रगति का संकेत है। यह स्पष्ट है कि काबुल अब भारत के साथ रिश्तों को दीर्घकालिक रणनीतिक दिशा देने के लिए तैयार है—और भारत भी इस अवसर का लाभ उठाने को तत्पर है।*

# पायलट-केबिन क्रू को हर साल अनिवार्य थकान और नींद प्रबंधन ट्रेनिंग: डीजीसीए

## ड्यूटी–रेस्ट टाइम में भ्रम दूर करने के लिए नई गाइडलाइंस

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने फ्लाइट सेफ्टी को मज़बूत करने और पायलटों व केबिन क्रू की थकान पर नियंत्रण के लिए नए नियम जारी किए हैं। नई दिल्ली में एयरलाइंस और पायलट संगठनों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया।

- **हर साल एक घंटे की अनिवार्य ट्रेनिंग...**

डीजीसीए ने निर्देश दिया है कि सभी पायलटों और केबिन क्रू को साल में कम से कम एक घंटे की 'फटीग मैनेजमेंट' ट्रेनिंग दी जाएगी।

- **इसमें शामिल होगा...** • नींद की कमी का प्रदर्शन पर असर। • बॉडी क्लॉक और नींद के विज्ञान की समझ। • थकान से जुड़ी मेडिकल समस्याएँ। • लंबी/छोटी उड़ानों और टाइम ज़ोन बदलने का प्रभाव। • स्वस्थ जीवनशैली, आहार और नींद की आदतों का महत्व।

- **नींद संबंधी बीमारियों की पहचान...**

यह ट्रेनिंग केवल क्रू तक सीमित नहीं होगी- शेड्यूल प्लानिंग और डिस्पैच टीम भी इसमें शामिल हो सकती है, क्योंकि क्रू की ड्यूटी तय करने में उनका अहम रोल होता है।

- **थकान की शिकायत दर्ज करने के लिए नया सिस्टम...**

डीजीसीए ने सभी एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वह स्पष्ट फटीग रिपोर्टिंग पॉलिसी बनाएँ।

एक स्वतंत्र फटीग रिव्यू कमेटी का गठन करें। हर तिमाही DGCA को रिपोर्ट भेजें कि कितने क्रू को ट्रेनिंग मिली।

कितनी थकान शिकायतें दर्ज हुईं और कितनी स्वीकार व कितनी अस्वीकार हुईं।

- **शिकायत खारिज करने की वजहें क्या थीं...** यदि किसी क्रू को थकान के चलते छुट्टी दी जाती है, तो कम से कम 24 घंटे का रेस्ट और उसमें एक स्थानीय नाइट शामिल होना अनिवार्य होगा।

- **क्यों ज़रूरी पड़े नए नियम...** जुलाई में डीजीसीए के ऑडिट में पाया गया कि पुरानी फटीग गाइडलाइंस को लेकर एयरलाइंस और क्रू के बीच अभी भी भ्रम है। पायलट यूनियनों ने यह भी चिंता जताई थी कि कुछ लंबी उड़ानों और नाइट ऑपरेशंस में ढील देने से सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। पहले डीजीसीए ने सप्ताह में 48 घंटे के रेस्ट और रात में लैंडिंग की संख्या सीमित करने जैसे नियम लागू किए थे। कुछ एयरलाइंस ने विरोध किया था, लेकिन दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें इन्हें मानना पड़ा। नई गाइडलाइंस का उद्देश्य—थकान की वजह से होने वाली गलतियों को ट्रेनिंग और पारदर्शी रिपोर्टिंग के ज़रिए कम करना है।

# भारतीय महिला को परेशान करने के आरोपों से भी किया इनकार

### ▪ अरुणाचल प्रदेश पर फिर चीन का दावा

एजेंसी | बीजिंग

चीन ने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताते हुए विवाद को हवा दी है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश, जिसे चीन "ज़ांगनान" कहता है, चीन का अभिन्न हिस्सा है।

निंग ने कहा ज़ांगनान चीन का क्षेत्र है। चीन ने कभी तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को स्वीकार नहीं किया, जिस पर भारत ने अवैध कब्जा किया हुआ है। उन्होंने यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में की, जिस में एक भारतीय महिला ने आरोप लगाया था कि उसे शंघाई एयरपोर्ट पर रोका गया और परेशान किया गया। चीन ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया।

**भारतीय महिला को किसी हिरासर में नहीं लिया**

माओ निंग ने कहा कि भारतीय महिला के आरोप तथ्यहीन हैं और उसे किसी भी प्रकार की हिरासत में नहीं लिया गया था। उन्होंने दावा किया कि एयरलाइन ने उसे आराम करने और भोजन–पानी की सुविधा भी मुहैया करवाई थी। चीन के मुताबिक, अधिकारियों ने जो भी कार्रवाई की, वह स्थानीय कानूनों और नियमों के तहत थी।

**LAC के पास चीन बढ़ा रहा सैन्य ढांचा**

हालांकि भारत–चीन सीमा पर फिलहाल स्थिति अपेक्षाकृत शांत है, लेकिन विशेषज्ञों ने खुलासा किया है कि चीन इस अवधि का इस्तेमाल अपनी सैन्य क्षमता मजबूत करने के लिए कर रहा है। तिब्बत और एलएसी के आसपास चीनी सेना पीपल्स लिबरेशन आर्मी लगातार आधारभूत संरचनाओं का विस्तार कर रही है।

2017 के डोकलाम विवाद और 2020 की गलवान झड़प के बाद तनाव कम जरूर हुआ है, लेकिन चीन सीमा के नजदीक सैन्य सुविधाओं का विस्तार, लॉजिस्टिक सपोर्ट केंद्रों का निर्माण, संपर्क मार्ग बढ़ाने। जैसी रणनीतिक गतिविधियों को तेज कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह चीन की लंबे समय की योजना का हिस्सा है, जिसके जरिए वह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहता है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी** कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद बोलीं- भारत के साथ आर्थिक साझेदारी मज़बूत करने पर फोकस

# भारत और कनाडा की ठंडी पड़ चुकी ट्रेड डील को फिर से गति देने की तैयारी

एजेंसी | नई दिल्ली

दो साल से तनावपूर्ण चल रहे भारत–कनाडा संबंध अब सुधार की ओर बढ़ रहे हैं। जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री कार्नी और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाक़ात के बाद दोनों देशों ने रुकी हुई व्यापार वार्ता दोबारा शुरू करने पर सहमति जताई। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि नई विदेश नीति के तहत कनाडा भारत के साथ व्यापार को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए तैयार है, ताकि बदलते वैश्विक माहौल में आर्थिक साझेदारी को नए स्तर पर ले जाया जा सके।

अनीता आनंद ने स्पष्ट किया कि भारत–कनाडा के बीच नई ट्रेड डील को लेकर आगे की बातचीत तेजी से आगे बढ़ाई जाएगी। पिछले दो वर्षों में रिश्तों में आई खटास के बावजूद अब दोनों देशों के बीच संवाद और भरोसे का माहौल लौट रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कनाडा ने अपनी विदेश नीति में बदलाव किए हैं, ताकि वैश्विक व्यापार तनाव—जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड वॉर—का सामना किया जा सके।

### व्यापार को लेकर भारत–कनाडा की आगे की योजना

*अनीता आनंद के अनुसार दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। उन्होंने बताया कि कनाडा वर्तमान में भारत का सातवाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और देश में एक प्रमुख विदेशी निवेशक भी है। कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी अगले वर्ष भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे।*

- **तनाव की पृष्ठभूमि...**

*दोनों देशों के रिश्ते 2023 में तब बिगड़ गए थे जब कनाडा ने आरोप लगाया था कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका हो सकती है। निज्जर, जो कनाडा में प्लंबिंग व्यवसाय चलाते थे और खालिस्तान समर्थक माने जाते थे, जून 2023 में मारे गए थे। इस विवाद के बाद कनाडा ने भारत के साथ व्यापार वार्ता रोक दी थी।*

- **रिश्तों में सुधार के संकेत...**

*2024 में कूटनीतिक बातचीत फिर शुरू हुई। जून में पीएम कार्नी ने पीएम मोदी को जी7 सम्मेलन में आमंत्रित किया और अगस्त में दोनों देशों ने अपने शीर्ष राजनयिकों की बहाली की। अनीता आनंद का कहना है कि पिछले छह महीनों में संबंधों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।*

- **कनाडा की नई रणनीति: व्यापार में विविधता...**

*कनाडा विश्व के सबसे अधिक निर्यात-निर्भर देशों में से एक है, जहाँ उसका लगभग 75% निर्यात अमेरिका पर आधारित है। 2026 में USMCA समझौते की समीक्षा होने वाली है और वैश्विक स्तर पर संरक्षणवाद बढ़ रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री कार्नी ने लक्ष्य रखा है कि अगले दस वर्षों में अमेरिका के बाहर कनाडा का व्यापार दोगुना किया जाए। इसी रणनीति के तहत भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को मज़बूती देने के प्रयास हो रहे हैं। पिछले महीने कार्नी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाक़ात ने कनाडा–चीन संबंधों में भी शांति का संकेत दिया है।*

# लाखन माजरा में बास्केटबॉल अभ्यास के दौरान हादसे में हार्दिक की मौत, डीएसओ निलंबित

## एक्सरसाइज करते समय बास्केटबॉल का पोल खिलाड़ी की छाती पर गिरा

**समर न्यूज | रोहतक**

लाखन माजरा गांव के खेल मैदान में प्रैक्टिस के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी हार्दिक की मौत हो गई। घटना से पूरे हरियाणा के खेल जगत में शोक की लहर है। हादसे के बाद भारतीय ओलंपिक संघ ने राज्य में अगले तीन दिनों तक किसी भी खेल आयोजन पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाखन माजरा गांव का निवासी हार्दिक बास्केटबॉल पोल पर लटककर एक्सरसाइज कर रहा था। इसी दौरान पुराना और कमजोर



हार्दिक। - समर न्यूज

हो चुका पोल अचानक टूटकर सीधे उसकी छाती पर गिर गया। मैदान में मौजूद अन्य खिलाड़ियों ने उसे तुरंत उठाया, लेकिन पोल के भारी वजन के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पूरी घटना मैदान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। बताया जा रहा है कि हार्दिक एक बेहतरीन बास्केटबॉल खिलाड़ी था और हाल ही में इंडिया टीम के कैंप से लौटकर अपनी तैयारी में जुटा था। उसका छोटा भाई भी एक अच्छा बास्केटबॉल खिलाड़ी है। गांव की शामलाती जमीन पर ग्रामीण युवाओं के स्पोर्ट्स क्लब द्वारा बनाया गया यह बास्केटबॉल ग्राउंड कई सालों से खिलाड़ियों की प्रैक्टिस का केंद्र रहा है और यहां से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा चुके हैं। पुलिस ने मौके से सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले ली है और मामले में बीएनएस 194 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

**खेल मंत्री ने डीएसओ को किया निलंबित :** इस मामले में खेल मंत्री गौरव गौतम ने लिया कड़ा संज्ञान लिया है। गौरव गौतम ने जिला खेल अधिकारी को निलंबित कर दिया है। बास्केटबॉल नर्सरी को भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। 28 नवंबर को ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हाई लेवल बैठक बुलाई गई है, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी और सभी जिला अधिकारी शामिल होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते सांसद कोटे से दी गई 20 लाख रुपये की ग्रांट से स्टेडियम और पोल की मरम्मत कर दी जाती, तो राष्ट्रीय स्तर के एक होनहार खिलाड़ी की जान बच सकती थी। स्टेडियम में बास्केटबॉल का क्रेज लंबे समय से रहा है और गांव के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं।

# हिसार में कांग्रेस जिलाध्यक्षों ने माफी मांगी, दोनों की बीच मंच पर हुई थी गहमागहमी

**समर न्यूज | हिसार**

हिसार में कांग्रेस के शहरी और ग्रामीण जिलाध्यक्ष मंच संचालन को लेकर हुए विवाद के बाद माफी मांगकर विवाद खत्म कर लिया। दोनों नेताओं पर हरियाणा कांग्रेस अनुशासन समिति की ओर से कार्रवाई की संभावना थी। जानकारी के अनुसार, अनुशासन समिति ने दोनों जिलाध्यक्षों को नोटिस भेजकर 15 दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा था। हालांकि, नेताओं ने समय रहते जवाब देकर माफी मांग ली। अनुशासन समिति के चेयरमैन धर्मपाल मलिक ने कहा कि माफी मिलने के बाद मामला समाप्त माना गया और दोनों नेताओं ने भविष्य में ऐसे घटनाक्रम न दोहराने का वादा किया।

विवाद वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हिसार में आयोजित प्रदर्शन के दौरान हुआ। मंच संचालन को लेकर ग्रामीण जिलाध्यक्ष बृजलाल



मंच पर उलझते जिलाध्यक्ष। - समर न्यूज

बहबलपुरिया और शहरी जिलाध्यक्ष बजरंग दास गर्ग में गहमागहमी हुई थी। मंच पर प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी मौजूद थे। 18 नवंबर को हुए प्रदर्शन के दौरान शहरी जिलाध्यक्ष मंच संचालन करना चाहते थे, लेकिन ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि उन्हें ऊपर से अनुमति मिली है। दोनों के बीच माइक को लेकर भी झड़प हुई। मौके पर हांसी से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल मक्कड़ ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। अनुशासन समिति ने 22 नवंबर को अंबाला कैंट में हुई बैठक में चार शिकायतें सुनी और तीन मामलों पर खुद संज्ञान लिया। हिसार के दोनों जिलाध्यक्षों का मामला भी इसमें शामिल था। समिति ने तय किया कि अब पार्टी या वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक मंच, मीडिया या सोशल मीडिया पर बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने पर पहले लिखित स्पष्टीकरण लिया जाएगा और पुख्ता सबूत मिलने पर ही कार्रवाई की जाएगी।

# होटल में विवाद के बाद युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार

## शराब ठेके के एक सेल्समैन के साथ हुआ था विवाद

**समर न्यूज | रेवाड़ी**

सदर थाना क्षेत्र स्थित गांव काकोड़िया में मंगलवार रात एक होटल कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, जबकि हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव गोकलगढ़ के कुछ युवक देर रात काकोड़िया स्थित एक होटल पर पहुंचे। वहां उन्होंने होटल में काम करने वाले राजस्थान के बहरोड़ जिले के गांव आलमपुर निवासी महेश के साथ विवाद शुरू कर दिया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। शोर शराबा सुनकर होटल के अन्य कर्मचारी और आसपास के



लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। इसी दौरान गोकलगढ़ के रहने वाले एक युवक ने अचानक महेश के सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हत्या के तुरंत बाद आरोपी वहां से फरार हो गए।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मृतक महेश का मंगलवार दिन में पास के शराब ठेके के एक सेल्समैन के साथ विवाद हुआ था। फिलहाल पुलिस सभी कोणों से मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# करनाल के गन्ना किसानों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**समर न्यूज | करनाल**

गन्ना किसानों के लिए हैफेड शुगर मिल असंध की ओर से अच्छी खबर है। गन्ना तकनीकी मिशन स्कीम के तहत वर्ष 2025-26 में मिल से जुड़े गांवों के किसानों को नोटिफाइड गन्ना किस्मों की बुवाई पर प्रति एकड़ तीन से पांच हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। स्कीम के तहत वाइड रॉ स्पेसिंग मेथड ऑफ कल्टीवेशन अपनाने वाले किसानों को प्रति एकड़ तीन हजार रुपये मिलेंगे। सिंगल बड मेथड से बिजाई करने पर भी तीन हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा, सीड नर्सरी तैयार करने पर पांच हजार रुपये प्रति एकड़, किस्म CO 15023 की बुवाई पर पांच हजार रुपये प्रति एकड़, और किस्म 15023 बेचने वाले किसानों को भी पांच हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

सहायक गन्ना विकास अधिकारी, डॉ. सूरजभान ने किसानों से अपील की है कि प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए वे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.agriharyana.gov.in पर 31 दिसंबर 2025 तक आवेदन करें। सभी पात्र किसानों को आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद राशि उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ. सूरजभान ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों से खेती करने और बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस योजना से गन्ना उत्पादन में सुधार के साथ-साथ किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी।

इस योजना के तहत किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा, ताकि वे बुवाई और उपज बढ़ाने के लिए आधुनिक कृषि पद्धतियों का लाभ उठा सकें। किसानों ने इस कदम का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में गन्ना उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# हरियाणा पुलिस ने शराब तस्करी का किया खुलासा, तीन तस्कर गिरफ्तार

## कार से नौ पेटी और ट्रक से 70 पेटी शराब बरामद

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

कोसीकलां पुलिस ने नंदगांव रोड पर एक कार और ट्रक में छिपाकर ले जाई जा रही करीब पांच लाख रुपये की हरियाणा मार्का शराब बरामद की है।

इस मामले में तीन अंतरराज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जो हरियाणा से शराब खरीदकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे। पुलिस को नंदगांव रोड पर एक कार और उसके पीछे ट्रक के अजीब व्यवहार पर शक हुआ।

दोनों वाहन एक ढाबे पर रुककर बातचीत कर रहे थे। कोसीकलां थाना प्रभारी अजय कौशल गश्त पर थे और संदिग्ध परिस्थितियों में कार और ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में कार से नौ पेटी और ट्रक से 70 पेटी हरियाणा मार्का



पकड़े गए आरोपी पुलिस की टीम के साथ। - समर न्यूज

अवैध शराब बरामद हुई। गिरफ्तार तस्करों ने अपनी पहचान दिल्ली के बदरपुर निवासी सौरभ, राजस्थान के धौलपुर जिले के मनियां कस्बा निवासी फहेयाद और थाना कौलारी के गांव हैदरपुर निवासी आकाश के रूप में कराई।

पूछताछ में तस्करों ने बताया कि उन्होंने हरियाणा से पांच लाख रुपये की शराब खरीदी थी, जिसे बिहार में करीब 14 लाख रुपये में बेचने का प्रयास किया जा रहा था। कोसीकलां पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर इस अवैध कारोबार को नाकाम कर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि तीनों अंतरराज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले की आगे जांच जारी है।

# हरियाणा डीजीपी के बयान पर थार मालिक का कानूनी नोटिस

**समर न्यूज | गुरुग्राम**

सेक्टर-102 निवासी सर्वो मित्र ने थार और बुलेट वाहन मालिकों पर हरियाणा डीजीपी ओपी सिंह के विवादित बयान को अपमानजनक बताते हुए उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में बयान वापस लेने और सार्वजनिक माफी की मांग की गई है।

सर्वो मित्र का कहना है कि इस टिप्पणी के बाद समाज में उनका मजाक बनाया जा रहा है और उनके बच्चों को स्कूल व नौकरी पर चिढ़ाया जा रहा है, जिसके कारण उन्होंने थार चलाना भी बंद कर दिया।

उन्होंने इसे ग्रुप डिफेमेशन का मामला बताया। राजनीतिक रूप से भी बयान पर प्रतिक्रिया आईं और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने मुख्यमंत्री को टैग कर सवाल उठाए।

# सिरसा में रिश्वतखोरी के मामले में फूड सप्लाई इंस्पेक्टर गिरफ्तार

## डिपो होल्डर से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए एनसीबी ने किया गिरफ्तार

**समर न्यूज | सिरसा**

हरियाणा के सिरसा जिले में फूड सप्लाई इंस्पेक्टर विवेक कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। चार माह पहले सीधे भर्ती होकर इंस्पेक्टर बने विवेक कुमार पर यह आरोप है कि वह डिपो होल्डर से घूस ले रहा था। एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो की सिरसा टीम ने चोपटा क्षेत्र के गांव तरकांवाली में डिपो होल्डर से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए विवेक कुमार को पकड़ा। गिरफ्तारी के समय आरोपी अपने कृत्य को अंजाम दे रहा था, जिससे मामले की गंभीरता उजागर हुई।

विवेक कुमार आदमपुर के गांव चूली का रहने वाला है और हाल ही में फूड सप्लाई विभाग में सीधे भर्ती हुआ था। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती



पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने कुछ डिपो होल्डरों से नियमित रूप से घूस की मांग की थी। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए यह कदम उठाया गया है। घटना से विभाग में अनुशासन कायम रखने और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का संदेश भी गया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि विवेक कुमार के खिलाफ आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकतानुसार विभागीय जांच भी की जाएगी।

सिरसा में यह गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के मामलों पर सतर्कता बढ़ाने और सरकारी अधिकारियों के लिए एक चेतावनी के रूप में देखी जा रही है। एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से विभागीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और आम जनता को सरकारी सेवाओं में सुविधा और भरोसा मिलेगा। इस मामले की पूरी जांच जारी है और आरोपी के अन्य संभावित संलिप्त सहयोगियों की भी जांच की जाएगी।

# ईनेलो ने की ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन शुल्क वृद्धि रद्द करने की मांग



इंडियन नेशनल लोक दल के नेता पत्रकार वार्ता में। - समर न्यूज

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

इंडियन नेशनल लोक दल ने हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन शुल्क में की गई वृद्धि को किसान विरोधी बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि यह वृद्धि ग्रामीण किसानों पर भारी आर्थिक बोझ डालती है और खेती-बाड़ी को प्रभावित करेगी। ईनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पहले यह शुल्क केवल 1 हजार 080 रुपये था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 10 हजार 485 रुपये कर दिया गया है। शुल्क में इतनी भारी वृद्धि उचित नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि वास्तविक कृषि-उपयोग वाले ट्रैक्टरों के लिए यह शुल्क न्यूनतम 100 रुपये पर सीमित होना चाहिए। पार्टी ने चेतावनी दी कि अगर सरकार उनकी मांग नहीं मानेगी, तो विस्तृत आंदोलन की संभावना है। ईनेलो का आरोप है कि यह निर्णय केवल बड़े उद्योगपतियों और व्यापारियों के हित में लिया गया है, जबकि मेहनतकश किसान, जो देश की खाद्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं, इससे प्रभावित होंगे।

# सीएम नायब सिंह सैनी ने अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज संविधान दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने दो मिनट का मौन रखकर बाबासाहेब के योगदान को याद किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सीएम सैनी ने प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें डॉ. अंबेडकर के अद्वितीय योगदान की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने दूरदर्शी विचारों और अथक प्रयासों से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को एक मजबूत, समावेशी और न्यायपूर्ण संविधान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी - समर न्यूज

सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने दलितों, शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका दिया संविधान आज भी हर नागरिक को समान अधिकार प्रदान करता है और देश को एकजुट रखता है। सीएम सैनी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि हम सभी मिलकर बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लें और संविधान में निहित मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को अपने जीवन में उतारें।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा और कई विधायक एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे। पूरे विधानसभा परिसर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सजावट की गई थी और संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन भी किया गया। प्रदेश भर में स्कूलों और कॉलेजों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन, सेमिनार और जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**ट्रैकडाउन** पुलिस अब तक 1,602 कुख्यात अपराधी और 3,746 अन्य आरोपियों को कर चुकी है गिरफ्तार

# पुलिस का ऑपरेशन ट्रैकडाउन तेज, 62 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

हरियाणा पुलिस के राज्यव्यापी ऑपरेशन ट्रैकडाउन ने अपराधियों के नेटवर्क को तगड़ा झटका दिया है। अभियान के तहत पुलिस ने एक ही दिन में 62 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही विभिन्न मामलों में 197 अन्य आरोपियों को भी पकड़ा गया। अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक 1602 कुख्यात अपराधी और 3746 अन्य आरोपी पुलिस के जाल में फंस चुके हैं। एसटीएफ अंबाला ने प्रदेश में सक्रिय एक बड़े क्रिमिनल गैंग को कमजोर करते हुए इसके मुख्य हथियार सप्लायर अजय को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि सितंबर 2025 में कुरुक्षेत्र स्थित चैतन्य कंसल्टेंट करियर सेंटर पर फायरिंग के लिए शूटरों को हथियार अजय ने उपलब्ध कराए थे। उस पर



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज

हत्या प्रयास, फिरौती और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर केस दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि अजय की गिरफ्तारी से गिरोह की हथियार सप्लाई चेन लगभग ध्वस्त हो गई है।

हांसी पुलिस ने ऑपरेशन के तहत सिकंदर उर्फ गोलू और सुजल उत्तर हंसराज को गिरफ्तार किया है। सिकंदर पर 8 केस, सुजल पर 7 केस दर्ज हैं। पुलिस पिछले 20 दिनों में 102 आरोपियों को जेल भेज चुकी है और कई हथियार, देसी कट्टा, दो पिस्टल और 16 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराधियों के लिए जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी।

करनाल पुलिस ने 10 हजार के इनामी बदमाश भजनलाल को भोंडसी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। वह 2021 में 315 धान के कट्टे लूटने की वारदात में शामिल था और शिकायतकर्ता का लाइसेंसी हथियार भी लूट ले गया था। भजनलाल के खिलाफ हरियाणा, पंजाब और राजस्थान सहित कई राज्यों में 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। करनाल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजीव उर्फ राजा, दीपक उर्फ हैरी, प्रिंस कुमार, अमृत पाल और अभिषेक को जीरकपुर से गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी राजीव पर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ में 56 केस दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में अंबाला और पंचकूला पुलिस की अहम भूमिका रही। सीआईए धारूहेड़ा ने राजस्थान निवासी राकेश उर्फ रिंकू को भिवाड़ी में दबोचा।

# हरियाणा में धारूहेड़ा, रोहतक, बल्लभगढ़ और गुरुग्राम सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

ररररहरियाणा की हवा भी गंभीर रूप से जहरीली हो गई है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की सैटेलाइट आधारित हालिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि हरियाणा भारत के सबसे प्रदूषित राज्यों में शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, हरियाणा के धारूहेड़ा, रोहतक, बल्लभगढ़ और गुरुग्राम शहरों में वायु गुणवत्ता सबसे खराब है। इन शहरों में पीएम2.5 का स्तर राष्ट्रीय और वैश्विक मानकों से कहीं अधिक दर्ज किया गया है। विशेष रूप से धारूहेड़ा अक्टूबर 2025 में भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा।

सीआरईए रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्रदूषण केवल शहरों तक सीमित नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के आसपास के हरियाणा के कई हिस्से भी गंभीर रूप से



हरियाणा की हवा भी गंभीर रूप से जहरीली हो गई। - समर न्यूज

प्रभावित हैं। इन क्षेत्रों में वायु में पीएम2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानक 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा निर्देश 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से कई गुना अधिक पाया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड के मौसम में धुंध और उद्योगों, वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण की स्थिति को और गंभीर बना रहा है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे बाहर निकलते समय मास्क पहनें और एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें। हरियाणा के प्रदूषण से प्रभावित शहरों की सूची में धारूहेड़ा, रोहतक, बल्लभगढ़ और गुरुग्राम शीर्ष पर हैं, जबकि के आसपास के शहर भी लगातार प्रदूषण की चपेट में हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि अगर औद्योगिक उत्सर्जन और वाहनों से निकलने वाले धुएं पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो स्वास्थ्य पर इसका गंभीर असर हो सकता है।

# भिवानी में शिक्षिका मनीषा की रहस्यमय मौत 107 दिन बाद भी अनसुलझी

**समर न्यूज | भिवानी**

प्ले स्कूल शिक्षिका मनीषा की मौत का रहस्य 107 दिन बाद भी नहीं सुलझा है। मामला 85 दिन से सीबीआई के पास है, लेकिन यह तय नहीं हो सका कि यह हत्या है या आत्महत्या। 11 अगस्त को स्कूल के लिए निकली मनीषा 13 अगस्त को सिंघानी गांव के पास नहर किनारे मृत मिली थी। गले पर निशान देख परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया और नर्सिंग कॉलेज से जुड़े कुछ लोगों पर संदेह जताया।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी स्पष्ट निष्कर्ष नहीं दे सकी। परिवार का कहना है कि जांच की रफ्तार धीमी है और वे जल्द सच सामने आने की उम्मीद कर रहे हैं। मामला अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# विस सदन में पंचायती चुनाव के मुद्दे पर विपक्ष ने घेरी सरकार

**विपक्ष ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप**

राहुल। धर्मशाला
समर न्यूज़

तपोवन विधानसभा परिसर में शुरू हुए शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन पंचायती राज चुनावों का मुद्दा सदन में गूंज उठा। कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा विधायकों से सदन में शिष्टाचार भेंट कर सत्र के सुचारू संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद स्पीकर कुलदीप पठानिया ने सदन के नेता, नेता प्रतिपक्ष और सभी सदस्यों का स्वागत किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यवाही की औपचारिक शुरुआत हुई और संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सदन ने संविधान की प्रस्तावना सामूहिक रूप से पढ़ी। इस दौरान स्पीकर और सभी सदस्यों ने पूर्व विधायक स्वर्गीय बाबू राम गौतम को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन ने दिवंगत नेता की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा। इसके बाद सदन का माहौल तब गरमा गया जब विपक्ष ने पंचायती राज चुनावों के मुद्दे पर सरकार को घेरना शुरू किया। नियम 67 के तहत भाजपा विधायक रणधीर शर्मा और जीत राम कटवाल ने काम रोको प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आगामी पंचायती राज चुनावों में हार की आशंका से परेशान है, इसलिए जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया टालने की कोशिश की जा रही है।


विधानसभा में विपक्ष के आरोपों का जवाब देते मुख्यमंत्री सुक्खू। - समर न्यूज़

विपक्ष के अनुसार, सरकार और राज्य चुनाव आयोग के बीच टकराव की स्थिति खड़ी की जा रही है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए घातक है। रणधीर शर्मा ने सदन में कहा कि सरकार संविधान के मूल सिद्धांतों की अनदेखी कर रही है और चुनावों को लेकर जनता के अधिकारों से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आपदा प्रबंधन अधिनियम का हवाला देकर चुनावों को रोकने की योजना बन रही है, जबकि प्रदेश में ऐसी कोई स्थिति नहीं है जो चुनावों में बाधा उत्पन्न करे। सरकार ने विपक्ष द्वारा प्रस्तुत काम रोको प्रस्ताव को स्वीकार किया, जिसके बाद सदन में इस विषय पर चर्चा के लिए समय निर्धारित किया गया। इसी बीच अध्यक्ष ने प्रश्नकाल की कार्यवाही को फिलहाल स्थगित कर दिया। सत्र के पहले ही दिन से सदन में माहौल तीखा हो गया है, और संकेत मिल रहे हैं कि पंचायती राज चुनावों के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच आगामी दिनों में और भी तीखी बहस देखने को मिलेगी।

## कांग्रेस विधायकों का विधानसभा परिसर के बाहर प्रदर्शन

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़

देश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को कांग्रेस विधायक दल ने विधानसभा परिसर के बाहर भाजपा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। हाथों में पोस्टर लेकर कांग्रेस विधायकों ने भाजपा नेतृत्व पर कानून-व्यवस्था को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा लगातार कानून-व्यवस्था को मुद्दा बनाकर देश और प्रदेश में भय का वातावरण तैयार कर रही है। यौन शोषण से जुड़े मामलों में भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगते रहे हैं, जिन पर पार्टी की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जनता इन मुद्दों को गंभीरता से देख रही है और भाजपा को अपने आचरण में सुधार लाने की आवश्यकता है।

## हिमाचल में सूखी ठंड बढ़ी, 10 दिसंबर तक नहीं होगी बारिश

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश इन दिनों लगातार सूखे की चपेट में है, जिससे किसानों और बागवानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मौसम विभाग ने साफ संकेत दिए हैं कि राज्य में 10 दिसंबर तक बारिश या बर्फबारी की कोई संभावना नहीं है। इस ड्राय स्पेल ने जहां खेती-बाड़ी को प्रभावित किया है, वहीं पहाड़ी इलाकों में ठंड तेजी से बढ़ने लगी है। दिन के समय धूप खिलने के बावजूद तापमान में गिरावट का असर साफ नजर आ रहा है और खासकर रात के समय कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम केंद्र शिमला की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान हिमाचल में मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया है। सबसे कम तापमान ताबो में -7.0 डिग्री सेल्सियस मापा गया, जो इस सीजन की शुरुआती गंभीर ठंड को दर्शाता है। वहीं मैदानी इलाकों में भी हल्की ठंडक बढ़ी है, हालांकि पांवटा साहिब का अधिकतम तापमान 27 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सबसे अधिक था। सुबह-सुबह कई क्षेत्रों में कोहरे का प्रकोप देखने को मिला। बिलासपुर में विजिबिलिटी 100 मीटर तक सीमित रही, जबकि मंडी और सुंदरनगर में भी मध्यम से उथला कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार, 1 दिसंबर से 10 दिसंबर तक पूरे राज्य में लगातार शुष्क मौसम बना रहेगा। इस अवधि में पर्वतीय जिलों का न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है तथा उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में पाला जमने की आशंका बढ़ जाएगी। सूखे मौसम का असर अब लोगों की दिनचर्या और कृषि दोनों पर पड़ रहा है। सुबह और शाम की ठंड दिनों-दिन तेज होती जा रही है। बागवानों और किसानों को सलाह दी गई है कि तापमान में गिरावट को देखते हुए पौधों और फसलों की सुरक्षा के आवश्यक उपाय तुरंत अपनाएं।

## तीसा की 53 पंचायतों में नशा-निवारण समितियों का गठन

मंज़ूर पठान | चंबा
समर न्यूज़

चंबा जिले के तीसा विकास खंड में आने वाली सभी 53 पंचायतों में नशा-निवारण समितियां बनाई जाएंगी, जो गांव-गांव जाकर जागरुकता गतिविधियां संचालित करेंगी। प्रत्येक पंचायत में स्थानीय स्कूल के प्रभारी को समिति का अध्यक्ष बनाया जाएगा। वहीं पंचायत सचिव, पटवारी, आशा कार्यकर्ता, महिला मंडल, युवक मंडल तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि समिति के सदस्य होंगे। यह टीमें स्कूलों, वार्डों और गांवों में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता फैलाएंगी और युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए सामाजिक सहयोग सुनिश्चित करेंगी। पंचायत स्तर पर बन रही समितियों के माध्यम से न केवल युवा, बल्कि अभिभावकों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों तक भी संदेश पहुंचाया जाएगा।

## विनय कुमार 30 को संभालेंगे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद

समर न्यूज़ | शिमला

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार 30 नवंबर, रविवार को शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय नेतृत्व से जुड़े कई प्रतिनिधि विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। प्रदेश मामलों की प्रभारी सांसद रजनी पाटिल, सह प्रभारी चेतन चौहान और विदित चौधरी कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। पदभार ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, कांग्रेस विधायक, पूर्व विधायक, बोर्ड और निगमों के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल होने की संभावना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव


अध्यक्ष विनय कुमार। - समर न्यूज़

ने सभी विभागों—युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और सेवादल—के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे सुबह 10 बजे राजीव भवन पहुंचकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें। इस बीच 26 नवंबर से धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा का शीतकालीन सत्र भी शुरू हो रहा है, जिससे कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है। पदभार ग्रहण समारोह के लिए मंत्रियों और विधायकों को शिमला पहुंचना होगा, जिसके बाद उन्हें सत्र में भाग लेने के लिए फिर धर्मशाला लौटना पड़ेगा।

## अम्ब के नए डीएसपी अनिल पटियाल ने संभाला पदभार

समर न्यूज़ | चिंतपूर्णी

अम्ब उपमंडल में नए डीएसपी के रूप में नियुक्त हुए अनिल पटियाल ने गुरुवार को विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने से पहले वह मां चिंतपूर्णी के प्रसिद्ध दरबार में पहुंचे। चिंतपूर्णी दरबार में पूजा के दौरान डीएसपी अनिल पटियाल ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य उपमंडल में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। कार्यभार संभालने के बाद डीएसपी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और नशामुक्ति अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, असामाजिक तत्वों की हरकतें या नशे का कारोबार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अब ममता बनर्जी की हार साफ नजर आ रही: ठाकुर

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचे अनुराग, संविधान दिवस पर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई

राहुल। धर्मशाला
समर न्यूज़

कांगड़ा एयरपोर्ट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट पर पार्टी कार्यकर्ताओं के नारों के बीच अनुराग ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता परिवर्तन के लिए आतुर है और अब ममता बनर्जी की हार साफ नजर आने लगी है।

अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार गिरती जा रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में हत्या, हिंसा और भ्रष्टाचार चरम पर हैं, वहीं घुसपैठियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता है। ठाकुर के अनुसार, चुनाव करीब आते ही ममता बनर्जी की बौखलाहट बढ़ती



कांगड़ा एयरपोर्ट पर अनुराग ठाकुर बातचीत करते हुए। - समर न्यूज़

दिख रही है, क्योंकि जनता इस बार उन्हें सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि "जिस तरह राहुल गांधी ने चुनाव से पहले बहाने बनाए और जनता ने भाजपा-एनडीए को रिकॉर्ड बहुमत दिया, उसी तरह अब बंगाल की जनता भी मजबूत सरकार को चुनेगी।"

संविधान दिवस के मौके पर अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने संविधान को सर्वोच्च मानकर शासन किया है। ठाकुर ने याद किया कि जब प्रधानमंत्री पहली बार संसद में प्रवेश किए थे, तब उन्होंने दरवाजे पर शीश नवाया और अंदर जाकर संविधान को माथे से लगाकर यह संकल्प लिया कि सरकार देश के वंचित, शोषित और पीड़ित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करेगी। उनके अनुसार, संविधान दिवस केवल औपचारिकता न रहकर एक संकल्प का दिवस बना है, जिसे केंद्र सरकार ने पूरी निष्ठा से निभाया है।

अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के पंचतीर्थ जन्मस्थली, शिक्षा स्थली, कर्मभूमि और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को विकसित कर उन्हें सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि संविधान को विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध कराना लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

चीन के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भारत की संप्रभुता से छेड़छाड़ करने की किसी भी कोशिश का देश कड़ा जवाब देगा और चीन की मंशा कभी सफल नहीं होगी।

## शहीद नमांश के ऋण से देश कभी मुक्त नहीं हो सकता : अनुराग


शहीद विंग कमांडर नमांश सयाल के परिवार साथ अनुराग ठाकुर। - समर न्यूज़

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़

सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज शहीद विंग कमांडर नमांश सयाल के पैतृक निवास पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने शहीद नमांश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ने एक साहसी, कर्तव्यनिष्ठ और अदम्य साहस वाले फाइटर पायलट को खोया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। उन्होंने कहा कि नमांश ने राष्ट्र सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया है और देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।अनुराग ठाकुर ने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस दुखद घटना की निष्पक्ष, गहन और त्वरित जांच सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए उच्च स्तर पर लगातार फॉलो-अप कर रहे हैं, ताकि परिवार को किसी तरह की देरी का सामना न करना पड़े।

# महिला कबड्डी वर्ल्ड कप चैंपियंस का भव्य स्वागत

राहुल। धर्मशाला
समर न्यूज़

24 नवंबर का दिन हिमाचल के खेल इतिहास में एक गौरवपूर्ण क्षण बन गया, जब भारतीय महिला कबड्डी टीम वर्ल्ड कप जीतकर धर्मशाला के गग्गल एयरपोर्ट पहुंची। एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय खेल प्रेमियों, बच्चों और युवा खिलाड़ियों ने टीम की सदस्य भावना ठाकुर और उपकप्तान पुष्पा राणा के साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए उत्साह दिखाया।

मीडिया से बातचीत में खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के रोमांचक पलों और कठिन मुकाबलों को याद किया। उन्होंने बताया कि महिला कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी ढाका, बांग्लादेश में हुई, जहां भारत ने लगातार दूसरी बार खिताब जीतकर इतिहास रचा। भारतीय टीम ने फाइनल में चीनी


महिला कबड्डी वर्ल्ड कप चैंपियंस का स्वागत। - समर न्यूज़

ताइपे को 35–28 से हराकर अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने कोरिया, केन्या, ईरान और बांग्लादेश जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ लीग स्टेज में बेहतरीन रेड और दमदार डिफेंस के दम पर जीत दर्ज की।

सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने पारंपरिक रूप से मजबूत ईरान को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जिसे खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट का सबसे चुनौतीपूर्ण मुकाबला बताया। हिमाचल की बेटी भावना ठाकुर ने ऑलराउंडर के रूप में उत्कृष्ट खेल दिखाया और कई अहम मौकों पर रेड व टैकल के जरिए टीम को मजबूती दी। भावना ने कहा कि हर मैच दबाव भरा था, लेकिन टीम की एकजुटता और कोचिंग स्टाफ का भरोसा उन्हें बेहतर खेल प्रस्तुत करने की प्रेरणा देता रहा। भावना ने ढाका में भारतीय तिरंगा लहरते देखे भावुक पलों को याद करते हुए कहा कि फाइनल जीतने के बाद राष्ट्रीय ध्वज के साथ मैदान का लैप ऑफ ऑनर लेना उनके जीवन का सबसे यादगार क्षण था। उन्होंने हिमाचल की बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने का आह्वान किया और कहा कि मेहनत व अनुशासन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की जा सकती है।

उपकप्तान पुष्पा राणा ने बताया कि वर्ल्ड कप की तैयारी के दौरान राष्ट्रीय शिविर में फिटनेस और डिफेंस पर खास जोर दिया गया। उनका कहना था कि शुरुआती मैचों में मिली बड़ी जीतों से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा, जबकि नॉकआउट स्टेज में खिलाड़ियों ने धैर्य और रणनीति के साथ खेल दिखाया। पुष्पा ने खुलासा किया कि फाइनल से पहले पूरी टीम ने चीनी ताइपे की खेल रणनीति का वीडियो एनालिसिस कर विशेष प्लान तैयार किया, जिसका लाभ दूसरे हाफ में मिला।पुष्पा राणा ने भारत में महिला कबड्डी लीग शुरू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि अधिक प्रतिभाओं को मंच मिल सके। दोनों खिलाड़ियों ने राज्य और केंद्र सरकार से महिला खिलाड़ियों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार अवसर और प्रोत्साहन योजनाएं मजबूत करने की अपील की।

## चार लेबर कोड के विरोध में सीटू की रैली, केंद्र सरकार पर मजदूर-विरोधी नीतियों का आरोप


चार लेबर कोड के विरोध में सीटू की रैली - समर न्यूज़

संजू। शिमला
समर न्यूज़

सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश ने बुधवार को शिमला में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार नए लेबर कोड के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पंचायत भवन से शुरू हुई यह रैली लोअर बाज़ार से होते हुए उपायुक्त कार्यालय के बाहर पहुंची, जहां संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मजदूर हितों की सुरक्षा को लेकर नारेबाजी की और सरकार से लेबर कोड को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई.रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लेबर कोड मजदूरों के मौलिक अधिकारों और सुरक्षा को कमजोर करते हैं तथा श्रमिक वर्ग को बंधुआ मजदूरी और गुलामी की तरफ धकेलने का प्रयास है। उपायुक्त कार्यालय के बाहर सभा में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने आरोप लगाया कि केंद्र के ये चारों लेबर कोड मजदूर-विरोधी हैं।

**सवाल** जयराम ठाकुर ने कानून-व्यवस्था और चुनाव टालने पर उठाए सवाल

# कांग्रेस सरकार का हाल योजनाएं और विकास ठप

राहुल। धर्मशाला
समर न्यूज़

प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला स्थित तपोवन विधानसभा परिसर में आज से शीतकालीन सत्र का आगाज़ हो गया है। सत्र को लेकर मुख्यमंत्री, मंत्रियों और सभी विधायकों का तपोवन पहुंचना जारी है। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि विपक्ष इस बार सदन में पूरी तैयारी के साथ उतरेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार के तीन वर्षों के कार्यकाल में कई ऐसे मुद्दे उभरे हैं, जिन पर जनता जवाब चाहती है और विपक्ष इन सभी प्रश्नों को सदन के भीतर मजबूती से उठाएगा। उन्होंने


जयराम ठाकूर विधानसभा सत्र के लिए जाते हुए। - समर न्यूज़

प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में हिमाचल में अपराधों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जिससे लोगों में असुरक्षा का माहौल बन रहा है।

उनका कहना था कि दिनदहाड़े होने वाली गोलीबारी, लूट की घटनाएं, खनन माफिया की सक्रियता और चिट्टा माफिया का फैलता जाल सरकार की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य को शांति और अनुशासन के लिए जाना जाता था, वहां आज लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**पंचायती राज चुनावों को लेकर उठाए सवाल**

पंचायती राज चुनावों को टाले जाने के मुद्दे पर उन्होंने गंभीर सवाल उठाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार आपदा प्रबंधन अधिनियम का सहारा लेकर चुनावों से बचने की कोशिश कर रही है, क्योंकि उसे हार का डर सताने लगा है। उन्होंने दावा किया कि यदि चुनाव समय पर होते हैं, तो जनता कांग्रेस सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करेगी।

सरकार के तीन साल के कामकाज पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विकास कार्य ठप हैं, परियोजनाएं लटकी पड़ी हैं और भ्रष्टाचार के मामलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय ना केवल देरी से होते हैं, बल्कि उनमें पारदर्शिता का भी अभाव है। जयराम ठाकुर ने विश्वास जताया कि विपक्ष जनता से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों चाहे वह कानून-व्यवस्था हो, विकास की रफ्तार हो या पंचायत चुनावों का मामला सत्र के दौरान पूरी मजबूती से उठाएगा।

## भीम आर्मी ने रैली में उठाई संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण की मांग

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़

छोटी काशी मंडी में संविधान दिवस के अवसर पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रतिभागियों ने शहर भर का चक्कर लगाकर "संवैधानिक अधिकार बचाओ, भाईचारा बनाओ" का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। डॉ. अम्बेडकर द्वारा तैयार किया गया भारतीय संविधान देश की एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव है। उनका कहना था कि आज कुछ शक्तियां संविधान की मूल भावना को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं, जिसे किसी भी स्थिति में सफल नहीं होने दिया जाएगा।भीम आर्मी के नेताओं ने चुनी हुई सरकारों से संविधान की रक्षा और इसके प्रावधानों के कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

## एचपीएमसी के नए उपाध्यक्ष बने सुरेंद्र, ग्रामीण रोजगार होगी प्राथमिकता

संजू | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने शिमला जिला के चौपाल क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा को हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम एचपीएमसी का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने मंगलवार को शिमला में विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर उन्होंने निगम को नई ऊँचाइयों तक ले जाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने को अपनी पहली प्राथमिकता बताया।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद सुरेंद्र शर्मा ने राज्य सरकार, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एचपीएमसी राज्य के बागवानों और किसानों की आर्थिक मजबूती में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए निगम को अधिक प्रभावी और किसान-हितैषी बनाना उनकी जिम्मेदारी


एचपीएमसी के नए उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा। - समर न्यूज़

है। शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एचपीएमसी स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के साथ मिलकर नए रोजगार अवसर बनाएगा। उन्होंने कहा कि निगम के माध्यम से प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन की बेहतर व्यवस्था करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बागवानों को अपनी फसलों का उचित मूल्य समय पर मिले। ग्रामीण युवाओं के लिए फल प्रसंस्करण, पैकेजिंग और कोल्ड चेन नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण और रोजगार सृजन की संभावनाओं पर भी काम किया जाएगा।

## विधायक सती के आरोपों पर भड़के पूर्व विधायक सतपाल, डीसी को सौंपा ज्ञापन

राकेश। ऊना
समर न्यूज़

कांग्रेस के पूर्व विधायक सतपाल रायज़ादा ने भाजपा विधायक सतपाल सती द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर आज जिला मुख्यालय पहुंचकर डीसी को ज्ञापन सौंपा। मीडिया से बात करते हुए रायज़ादा ने कहा कि आशु पूरी मर्डर केस के दौरान होटल को लेकर विधायक सती ने उनके ऊपर ग़लत तरीके से पैसे के लेनदेन और वेश्यावृत्ति का अड्डा चलाने जैसे आरोप लगाए, जो पूरी तरह निराधार और झूठे हैं। रायज़ादा ने बताया कि अपनी निष्कपटता और पारदर्शिता साबित करने के लिए उन्होंने अपने होटल की 15 दिनों की फुटेज डीसी को सौंप दी है। उन्होंने बताया कि होटल में लगे 26 कैमरों की रिकॉर्डिंग जांच के लिए प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि होटल में कौन-कौन आया, कहां बैठा और क्या गतिविधियां हुईं।

### ट्राइसिटी और पटियाला में हमला करने की योजना बना रहे थे आरोपीः डीजीपी गौरव यादव

# जीरकपुर-अंबाला हाईवे पर बड़ी कार्रवाईः पुलिस ने लारेंस गैंग के चार शूटरों को दबोचा, दो घायल

**खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर**
**समर न्यूज़**



70 जिंदा कारतूसों समेत 7.32 बोर पिस्तौल बरामद। - समर न्यूज़

पंजाब एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एस.ए.एस. नगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में आज दोपहर डेरा बस्सी-अंबाला हाईवे पर स्टील स्ट्रिप्स टावरों के पास हुई दो तरफ़ा गोलीबारी के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विदेश-आधारित गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साज़िश को नाकाम कर दिया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने यहां दी। गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की पहचान हरविंदर सिंह उर्फ भोला उर्फ हनी और लखविंदर सिंह, दोनों निवासी ढकांसू कलां, राजपुरा, पटियाला तथा मुहम्मद समीर और रोहित शर्मा, दोनों निवासी राजपुरा, पटियाला के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से 70 जिंदा कारतूसों समेत 7.32 बोर पिस्तौल भी बरामद किए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किये गये व्यक्ति अपने विदेशी हैंडलर के निर्देशों पर काम कर रहे थे और ट्राइसिटी व पटियाला क्षेत्र में टार्गेटेड हमले करने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि मामले के अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एजीटीएफ प्रमोद बान ने कहा कि डेरा बस्सी-अंबाला हाईवे से लगे एक घर में इन गुर्गों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इस पर तेज़ी से कार्रवाई करते हुए डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ की अगुवाई में एजीटीएफ और एसएएस नगर पुलिस की संयुक्त टीमों ने इलाके को घेर लिया। एडीजीपी ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान जब टीमों ने आरोपियों को दबोचने की कोशिश की, तो संदिग्धों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान गोलियां हवलदार गगनदीप सिंह और सिपाही गुलाब सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं। एडीजीपी ने बताया कि जवाबी फायरिंग में संदिग्ध हरविंदर सिंह उर्फ भोला और मुहम्मद समीर भी घायल हुए, जिन्हें बाकी दो आरोपियों सहित काबू कर लिया गया। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एसएएस नगर हरमनदीप हंस ने बताया कि गिरफ्तार चारों आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि इस मॉड्यूल के अन्य गुर्गों की पहचान के लिए आगे जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां तथा बरामदगियां होने की संभावना है। इस मामले में थाना डेरा बस्सी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर नंबर 345, दिनांक 26.11.2025 दर्ज की गई है।

# पीयू सीनेट चुनाव पर बढ़ा विवाद, वोटर लिस्ट से 58+ शिक्षकों के नाम हटे

### मतदाता सूची पर सवाल और हाईकोर्ट में सुनवाई से बढ़ी उम्मीदें

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



प्रेस वार्ता करते हुए। - समर न्यूज़

पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) में पिछले कई महीनों से सीनेट चुनाव को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। चुनाव की अधिसूचना जारी न होने के विरोध में कैंपस में छात्रों, शिक्षकों और विभिन्न संगठनों की ओर से लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

इसी बीच, विश्वविद्यालय प्रशासन ने चुनाव संबंधी तैयारियों अपने स्तर पर शुरू कर दी हैं। वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा रहा है, क्योंकि सीनेट चुनाव में विभिन्न श्रेणियों कॉलेजों, विश्वविद्यालय और तकनीकी कॉलेजों के शिक्षकों के अनुसार मतदान होता है। चुनाव में हिस्सा लेने के लिए संबंधित वोटर सूची में नाम दर्ज होना अनिवार्य है।

ताज़ा विवाद उस समय सामने आया जब पीयू सीनेट के पूर्व सदस्य डॉ. इंदरपाल सिंह संधू ने प्रशासन को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि एकेडमिक काउंसिल चुनाव (जनवरी 2026) के लिए तैयार की गई मतदाता सूची से 58 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सरकारी कॉलेजों के शिक्षकों के नाम हटा दिए गए हैं। जबकि चंडीगढ़ प्रशासन कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष कर चुका है और इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो चुका है। इसके बावजूद पीयू द्वारा जारी सूची में इन शिक्षकों को शामिल नहीं किया गया। डॉ. संधू ने रजिस्ट्रार से मांग की है कि 65 वर्ष आयु वाले सभी पात्र शिक्षकों को पुनः सूची में शामिल किया जाए। दूसरी ओर, यह भी तथ्य है कि यदि पीयू आज ही चुनाव की अधिसूचना जारी कर दे तो भी सीनेट के गठन में लगभग 9–10 महीने का समय लगना तय है। पीयू कैलेंडर के अनुसार, ग्रेजुएट कांस्टीट्यूएंसी में मतदान से कम से कम 240 दिन पहले नोटिफिकेशन जारी करना अनिवार्य है। इसके अलावा वोटर सूची में संशोधन और अन्य प्रशासनिक प्रक्रिया भी काफी समय लेती हैं। ग्रेजुएट क्षेत्र में ही लगभग 3.50 लाख मतदाता शामिल हैं। उधर, सीनेट चुनाव विवाद से संबंधित मामले में 27 नवंबर को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई होगी। सुभाष सहगल की याचिका पर अदालत दिशा-निर्देश जारी कर सकती है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यपाल जैन पीयू की ओर से पक्ष रखेंगे। लगातार टल रहे चुनावों और बाहरी संगठनों के प्रदर्शनों के कारण विश्वविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण और पढ़ाई पहले ही काफी प्रभावित हो रही है।

## एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार आरोपी को किया काबू

**मोहाली**| सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस, जिला एस.ए.एस. नगर, हरमनदीप सिंह हंस के निर्देशों के अनुसार अपराधियों और फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक पुराने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस उद्देश्य से बनाए गए विशेष पी.ओ. स्टाफ को भगोड़ों की तलाश और उनकी गिरफ्तारी का जिम्मा सौंपा गया है। थाना फेज-1 मोहाली के प्रभारी अधिकारी और उनकी टीम ने आरोपी को 24 नवंबर को दबोचने में सफलता हासिल की। एस.एस.पी. हरमनदीप सिंह हंस ने कहा कि जिला पुलिस का फरार आरोपियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और सभी अपराधियों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मछली खुर्द के किसानों का रोडब्लॉक के खिलाफ जोरदार विरोध, हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर किया गया प्रदर्शन

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**



मछली खुर्द के किसान गांव भागो माजरा से मछली खुर्द के खेतों की ओर जाने वाले हाईवे पर बनाए जा रहे रोडब्लॉक का कड़ा विरोध कर रहे हैं। किसानों ने नए बने हाईवे को ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर ब्लॉक किया और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विरोध के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू भी मौके पर पहुंचे और किसानों के हक में नारे लगाए। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी और जिले की डिप्टी कमिश्नर किसानों की समस्या का उचित समाधान करेंगे। इलाके के रहने वाले तथा मार्केट कमेटी खरड़ के पूर्व चेयरमैन हरकेश चंद शर्मा ने सिद्धू को विस्तार से बताया कि मछली खुर्द के लोगों के लिए हाईवे पर आने–जाने के लिए कोई स्लिप रोड नहीं बनाई गई है और अब हाईवे अथॉरिटी की ओर से रोडब्लॉक लगाकर अन्य रास्ते बंद किए जा रहे हैं। इस मौके पर बोलते हुए सिद्धू ने कहा कि खेतों तक जाने वाले रास्तों पर बैरियर लगाना बिल्कुल ठीक नहीं है। हाईवे बनने से ग्रामीणों की ज़मीनें दो हिस्सों में बंट चुकी हैं, उन्होंने कहा कि यदि पुराने रास्ते बंद कर दिए गए, तो किसान अपने खेतों में कैसे पहुँचेंगे? सिद्धू ने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे मौके पर जाकर किसानों की सहमति से इस मसले का हल निकालें। उन्होंने हाईवे अथॉरिटी के वरिष्ठ अधिकारियों से वहीं पर बात की और गांव वालों की समस्या का विस्तार से जिक्र किया। साथ ही उन्होंने किसानों का यह मसला डिप्टी कमिश्नर मोहाली के समक्ष उठाने का भी भरोसा दिलाया। इस मौके पर जसवंत सिंह, शेर सिंह (दोनों पूर्व सरपंच), दलीप सिंह बाजवा, वरिंदर सिंह, बिक्रमजीत सिंह, स्वर्ण सिंह नंबरदार, कुलदीप सिंह, अमरीक सिंह, गुरदेव सिंह, सुरजीत सिंह, मेजर सिंह, गुरविंदर सिंह, बावा सिंह, जगतार सिंह, जसविंदर सिंह, संत सिंह, दीन मोहम्मद, लाभ सिंह (मछली कलां) सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### • विधायक ने लालरू-हंडेसरा रोड के रेनोवेशन कार्य का किया उद्घाटन

## 9 करोड़ 3 लाख की लागत से सड़क होगी और मजबूत



**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज लालरू–हंडेसरा रोड के रेनोवेशन और अपग्रेडेशन कार्य का औपचारिक उद्घाटन किया। इस प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित लागत 9.03 करोड़ है। इस अवसर पर विधायक रंधावा ने बताया कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद संबंधित कॉन्ट्रैक्टर अगले 5 वर्षों तक इसका मेंटेनेंस भी करेगा। उन्होंने कहा कि कुल राशि में से 8.28 करोड़ सड़क के रेनोवेशन एवं अपग्रेडेशन पर खर्च होंगे, जबकि 74.89 लाख पांच वर्ष के मेंटेनेंस के लिए निर्धारित किए गए हैं।

विधायक ने बताया कि 15 किलोमीटर लंबी इस सड़क के नवीनीकरण के बाद मार्ग से जुड़े गांवों के निवासियों को अधिक सुरक्षित, आरामदायक और सुगम यातायात सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य 9 महीनों के भीतर पूरा कर दिया जाएगा। रंधावा ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र की लगभग सभी प्रमुख सड़कों की मरम्मत को मंजूरी दे दी है। इससे क्षेत्र की लिंक सड़कों की स्थिति में बड़ा सुधार आएगा और लोगों को परिवहन में काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर पार्टी के सरपंच, पंच, ब्लॉक अध्यक्ष, स्थानीय गांवों के निवासी तथा पार्टी की पूरी टीम मौजूद रही।

## एससी ट्रेनीज़ के लिए दो हफ्तों की फ्री डेयरी ट्रेनिंग 1 से

**मोहाली**| पशुपालन, मत्स्य पालन एवं डेयरी डेवलपमेंट विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुडियां के निर्देशों तथा निदेशक डेयरी डेवलपमेंट विभाग, पंजाब, श्री कुलदीप सिंह जस्सोवाल की अगुवाई में विभाग द्वारा एस.सी. लाभार्थियों के लिए दो हफ़्तों का निःशुल्क डेयरी ट्रेनिंग कोर्स 1 दिसंबर 2025 से डेयरी ट्रेनिंग सेंटर, चतामली में शुरू किया जा रहा है। यह कोर्स विभाग द्वारा संचालित इस स्कीम का दूसरा बैच है। डिप्टी डायरेक्टर डेयरी, एस.ए.एस नगर, हरप्रीत सिंह ने जानकारी दी कि ट्रेनिंग के लिए वही उम्मीदवार पात्र होंगे जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच हो, जिन्होंने कम से कम 5वीं कक्षा पास की हो तथा जो अनुसूचित जाति से संबंधित हों। ट्रेनिंग पूरी तरह निःशुल्क है और इसमें किसी प्रकार की फ़ीस नहीं ली जाएगी।

## कांग्रेस के नेता और यूथ कांग्रेस प्रधान की अहम बैठक

**खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर**
**समर न्यूज़**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और ज़ीरकपुर नगर काउंसिल के यूथ कांग्रेस प्रधान उदेवीर सिंह ढिल्लों की आज मोहाली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में जिला स्तर के कई पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता और युवा नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य ज़ीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों में संगठन को और मजबूत करना तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा करना रहा। बैठक के दौरान उदेवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देती आई है और ज़ीरकपुर में विकास, पारदर्शिता तथा जनसुविधाओं में सुधार लाना उनका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें, लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएँ। बैठक में स्थानीय विकास कार्यों, नगर परिषद से जुड़े लंबित प्रोजेक्ट्स, सफ़ाई व्यवस्था, पानी की कमी और ट्रैफिक प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। युवा कार्यकर्ताओं ने भी बैठक में अपने सुझाव साझा किए और संगठन को अधिक सक्रिय तथा मज़बूत बनाने पर जोर दिया। बैठक के अंत में उदेवीर सिंह ढिल्लों ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया।

## डिस्ट्रिक्ट रेड क्रॉस ब्रांच 27 को श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की याद में लगाएगी ब्लड डोनेशन कैंप

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल की अगुवाई में, डिस्ट्रिक्ट रेड क्रॉस ब्रांच विश्वास फाउंडेशन और पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से 27 नवंबर 2025 को डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-76, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक वॉलंटरी ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित कर रही है। डिस्ट्रिक्ट रेड क्रॉस ब्रांच ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित इस ब्लड डोनेशन कैंप में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की है। रेड क्रॉस ने कहा कि ब्लड डोनेशन मानवता की सेवा का एक महान और नेक कार्य है, जिसके माध्यम से कई कीमती जानें बचाई जा सकती हैं और ज़रूरतमंदों को नई उम्मीद दी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान कर के लोगों की ज़िंदगी बेहतर बनाने और समाज के इस मानवीय आंदोलन को सार्थक करने की आवश्यकता है।

## एस.ए.एस. नगर में डेवलपमेंट विभाग ने मनाया नेशनल मिल्क डे

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

पंजाब डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने आज लाइवस्टॉक कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-68, एस.ए.एस. नगर में नेशनल मिल्क डे मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, बुके भेंट करने और स्वागत भाषण से हुई। इस अवसर पर जॉइंट डायरेक्टर वरयाम सिंह ने स्टाफ को संबोधित करते हुए भारत में डेयरी आंदोलन के जनक और व्हाइट रेवोल्यूशन के प्रणेता डॉ. वर्गीज कुरियन के जीवन तथा योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिन भारत को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण डेयरी किसानों को सशक्त बनाने में डॉ. कुरियन की दूरदृष्टि का सम्मान करता है।

**प्रतियोगिता** भागो माजरा में गुरबानी कथा और पगड़ी प्रतियोगिता का आयोजन

# 20 गांवों के सैकड़ों बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**



गुरबानी कथा मुकाबला और पगड़ी प्रतियोगिता का आयोजन - समर न्यूज़

नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी तथा भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित भाई घनैया सेवक क्लब, कालंबा भागो माजरा (बैरोपुर) की ओर से गुरुद्वारा साहिब भागो माजरा में गुरबानी कथा मुकाबला और पगड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लंगभंग क्षेत्र के 20 गांवों से सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया।

गुरबानी कथा मुकाबले में अरपाल सिंह (धीरपुर), मनजोत कौर (मजात), मनप्रीत सिंह (गुडाना), एकनूर सिंह (संतो माजरा), साहिब सिंह (खरड़), हरनव सिंह (नंगल—फैजगढ़), गुरजाप कौर (भागो माजरा) और अरमान सिंह (मानक माजरा) ने पहला स्थान हासिल किया। पगड़ी प्रतियोगिता में बलविंदर सिंह (भागो माजरा) प्रथम रहे, जबकि गुरसरन सिंह, अमृतपाल सिंह, एकम सिंह, राजवीर सिंह और दिलप्रीत सिंह विजेताओं में शामिल रहे। एज ग्रुप पगड़ी प्रतियोगिता में परविंदर सिंह, पवनजोत सिंह, विक्रम सिंह, अगमजोत सिंह, नवजोत सिंह और जोहरवीर सिंह विजेता घोषित किए गए। डबल प्रतियोगिता में हरप्रीत सिंह और सिमरन कौर ने बाज़ी मारी। अगमप्रीत सिंह और अरमान सिंह को विशेष सम्मान भी दिया गया। विजेताओं को कैश प्राइज और मेडल, जबकि सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में गांव भागो माजरा के सरपंच गुरजंट सिंह, बलजिंदर सिंह (भागो माजरा), गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान नाहर सिंह, ट्रेज़रर दलवीर सिंह तथा गुरदेव सिंह उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। क्लब के प्रधान गुरचरण सिंह, ट्रेज़रर हरनेक सिंह, तथा सुखविंदर सिंह वोलो ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए स्थानीय निवासियों और गांववासियों का धन्यवाद किया।

## श्री सुखमणि कॉलेज में संविधान दिवस मनाया

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**



डेराबस्सी स्थित श्री सुखमणि कॉलेज ऑफ़ लॉ ने 26 नवंबर 2025 को बड़े उत्साह, शैक्षणिक गंभीरता और देशभक्ति की भावना के साथ संविधान दिवस मनाया। इस वर्ष के समारोह का विषय "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" था। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानदीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें श्री गुरु गोबिंद सिंह विश्व विद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ़ लॉ के प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह संधू, श्री सुखमणि ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ. दमनजीत सिंह, SSGI के मुख्य प्रशासक प्रो. रशपाल सिंह, तथा SSGI के विभिन्न संस्थानों के प्राचार्यों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम भारतीय संविधान के अंगीकरण को सम्मान देने तथा कानून के विद्यार्थियों व समाज के लिए इसकी आज के समय में प्रासंगिकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मुख्य व्याख्यान देते हुए, डॉ. परमजीत सिंह संधू ने भारतीय संविधान के विकास पर व्यापक और प्रेरक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने विशेष रूप से 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाने और 26 जनवरी 1950 को इसके लागू होने के ऐतिहासिक महत्व पर भी ज़ोर दिया। SSGI के निदेशक डॉ. दमनजीत सिंह और SSGI के अध्यक्ष कंवलजीत सिंह ने डॉ. संधू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका संबोधन छात्रों को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सतर्क, जागरूक और प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित करता है। SSGI के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रो. रशपाल सिंह ने कहा कि श्री सुखमणि कॉलेज ऑफ़ लॉ में संविधान दिवस का आयोजन भारतीय संविधान की स्थायी शक्ति और इसके सिद्धांतों की रक्षा में कानूनी पेशेवरों की भूमिका का महत्वपूर्ण स्मरण कराता है।



# धर्मेंद्र जी लीजेंड हैं जिन्हें कभी भूला नहीं जा सकताः नीतू चंद्रा

**गोवा**। गरम मसाला और 13बी जैसी फिल्मों से बॉलीवुड में पहचान बनाने वाली नीतू चंद्रा अब फिल्म प्रोड्यूसर बन चुकी हैं। एक्ट्रेस बीते काफी समय से अपनी क्षेत्रीय फिल्म 'छठ' को प्रमोट कर रही हैं। उनकी फिल्म 'छठ' को आईएफएफआई में प्रदर्शित किया गया है। अब एनएफडीसी के मंच पर उन्होंने अपनी फिल्म को लेकर खुलकर बात की और अभिनेता धर्मेंद्र देओल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभिनेता कभी दुनिया छोड़कर नहीं जाते हैं। दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र देओल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नीतू चंद्रा काफी इमोशनल नजर आई। उन्होंने कहा, "धर्मेंद्र जी लीजेंड हैं जिन्हें कभी भूला नहीं जा सकता है। हम लोगों के लिए वे प्रेरणा हैं क्योंकि उनकी फिल्में ही देखकर हम बड़े हुए हैं। ऐसे कलाकार कभी दुनिया को छोड़कर नहीं जाते हैं, बल्कि अपनी फिल्मों और काम से वे हमेशा हमारे बीच रहते हैं, भगवान उनकी आत्मा की शांति दें।"

भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम यानी एनएफडीसी पर बात करते हुए नीतू चंद्रा ने कहा कि एक प्रोड्यूसर के तौर पर मैं कह सकती हूं कि ये ऐसे प्लेटफॉर्म हम जैसे प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के लिए बहुत जरूरी हैं, क्योंकि यहां हमारी फिल्मों को पहचान मिलती है। मैं यहां बिहार की एकलौती फिल्म "छठ' को रिप्रेंजेंट कर गर्व महसूस कर रही हूं।

उन्होंने आगे कहा कि आईएफएफआई जैसे मंच भारतीय फिल्मों और क्षेत्रीय फिल्मों के बीच महत्वपूर्ण पुल की तरह काम करते हैं। यहां क्षेत्रीय त्योहारों पर बनी फिल्मों को भी तवज्जों दी जाती है, इसके लिए मैं भारत सरकार का धन्यवाद कहती हूं, जो हिंदी सिनेमा के साथ-साथ क्षेत्रीय फिल्मों को भी आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

अपनी फिल्म 'छठ' पर बात करते हुए नीतू चंद्रा ने बताया कि छठ सिर्फ त्योहार नहीं है, बल्कि ये उत्सव है। अपनी फिल्मों में हमने छठ के उत्सव को परिवार से जोड़कर दिखाया है। फिल्म में चाचा और भतीजे के पारिवारिक विवाद के साथ छठ के महत्व को पर्दे पर दिखाने की कोशिश की है। बता दें कि नीतू चंद्रा के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'छठ' 24 अक्टूबर 2025 को वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म में निधि चौहान, अलका याग्निक और शारदा सिन्हा के शानदार और इमोशनल कर देने वाले गीत भी शामिल हैं।



# लोग क्या कहेंगे'... इस दबाव से हटकर बच्चों के बारे में सोचें माता पिता : गिरिजा ओक

**मुंबई**। आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक समझ को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। इस बीच पंकज त्रिपाठी, मोहित छाबड़ा के साथ मिलकर वेब सीरीज 'परफेक्ट फैमिली' जैसी कहानी लेकर आ रहे हैं, जो दर्शकों को खुद को और अपने परिवार को बेहतर तरीके से समझने में मदद करती है।

इसमें अभिनेत्री गिरिजा ओक अहम किरदार में हैं। रविवार को मेकर्स ने 'परफेक्ट फैमिली' का नया प्रोमो जारी किया, जिसमें गिरिजा ओक अपने किरदार नीति करकारिया के रूप में नजर आ रही हैं। प्रोमो से साफ है कि यह सीरीज सिर्फ एक पारिवारिक कहानी नहीं है, बल्कि बचपन की यादों, भावनाओं और उन अनकहे अनुभवों पर बात करती है, जिन्हें हम बड़े होने के बाद समझते हैं।

शो में गिरिजा के साथ मनोज पाहवा, सीमा पाहवा, नेहा धूपिया और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी हैं, जिनकी मौजूदगी अपने आप में कहानी को मजबूत बनाती है। सभी कलाकार एक ऐसे परिवार के सदस्य के रूप में हैं, जिसकी कहानी कई दर्शकों को अपने घर की याद दिला सकती है।

गिरिजा ओक ने इस सीरीज के बारे में बात करते हुए बताया कि बचपन का ट्रॉमा, यानी भावनात्मक चोट, बहुत अलग तरीके से काम करती है। जब बच्चा उसे जी रहा होता है, तब उसे यह एहसास नहीं होता कि वह किसी भारी अनुभव से गुजर रहा है। वह बस उसी समय की परिस्थितियों में खुद को संभालने की कोशिश कर रहा होता है।

उन्होंने कहा, ''हर माता-पिता अपने बच्चे के लिए अच्छा सोचते हैं, लेकिन कई बार वे समाज की राय या लोग क्या कहेंगे... जैसी सोच में उलझ जाते हैं। अगर माता-पिता इस दबाव को हटाकर सिर्फ अपने बच्चे के हित में सोचें, तो वे समझ पाएंगे कि बच्चे के लिए क्या सही है और क्या नहीं। बच्चों की भावनाओं को समझना और सही फैसले लेना बड़ों की जिम्मेदारी है।''

गिरिजा का कहना है कि आज के समय में माता-पिता ज्यादा जागरूक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हो रहे हैं। इसी कारण भविष्य में कम लोगों को बचपन से जुड़ी परेशानियों के लिए थेरेपी की जरूरत पड़ेगी।

गिरिजा ने बताया कि यह सीरीज उनके दिल के काफी करीब है। स्क्रिप्ट पढ़ते समय उन्हें महसूस हुआ कि यह किसी कहानी की किताब जैसा है। पहले कुछ एपिसोड पढ़ते ही उन्हें ऐसा लगा मानो वे किसी अच्छी नॉवेल में डूब गई हों।

उन्होंने कहा, "गंभीर और कड़वी बातों को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए हमें थोड़ी 'मीठी परत' में पेश करना जरूरी होता है और इस स्क्रिप्ट ने यही काम बहुत खूबसूरती से किया है। कहानी मनोरंजक भी है और सोचने पर मजबूर भी करती है। यही वह संतुलन है, जिसकी वजह से मैंने इस शो को करने का फैसला लिया।"

शूटिंग के अनुभव को याद करते हुए गिरिजा ने कहा, ''जब तक हम थेरेपी वाले सीन तक पहुंचे, तब तक क्रू एक असली परिवार जैसी बन चुकी थी। सेट पर मस्ती, मजाक और बातचीत का माहौल इतना सहज था कि काम बोझ की तरह नहीं लग रहा था, बल्कि एक सुखद अनुभव जैसा था। दोस्ताना माहौल की वजह से भावनात्मक सीन्स को भी निभाना आसान हो गया।''

# दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत को तगड़ा नुकसान



**नई दिल्ली**। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज 0-2 से गंवाने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका में भारत की रैंकिंग में बड़ी गिरावट आयी है। हार के बाद भारत का एक बार फिर से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना मुश्किल हो गया है। भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल में कुल 18 टेस्ट खेलने थे। इसमें से 9 टेस्ट भारतीय टीम खेल चुकी है। 9 टेस्ट मैचों में टीम इंडिया को 4 टेस्ट मैचों में जीत और 4 टेस्ट मैचों में हार मिली है। 1 मैच ड्रा रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 0-2 से गंवाने के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) की अंकतालिका में पांचवें स्थान पर चली गई। भारतीय टीम को अगली टेस्ट सीरीज अगस्त 2026 में श्रीलंका के खिलाफ खेलनी है। 2 टेस्ट मैचों की ये सीरीज श्रीलंका में ही खेली जाएगी। इसके बाद अक्टूबर 2026 में न्यूजीलैंड में 2 टेस्ट और फिर जनवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

भारतीय टीम को अगले 9 टेस्ट मैचों में जीत का दर बढ़ाना होगा, तभी हम फाइनल में पहुंचने की उम्मीद कर सकते हैं।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया 4 टेस्ट में 4 जीत के साथ पहले, दक्षिण अफ्रीका 4 टेस्ट में 3 जीत और 1 हार के साथ दूसरे, श्रीलंका 2 टेस्ट में 1 जीत और 1 ड्रा के साथ तीसरे, पाकिस्तान 2 टेस्ट में 1 जीत और 1 हार के साथ चौथे, और भारत 9 टेस्ट में 4 जीत, 4 हार और 1 ड्रा के साथ पांचवें स्थान पर है।

इंग्लैंड 6 टेस्ट में 2 जीत, 3 हार और 1 ड्रा के साथ छठे, बांग्लादेश 2 टेस्ट में 1 हार और 1 ड्रा के साथ सातवें और वेस्टइंडीज 5 टेस्ट में 5 हार के साथ आठवें स्थान पर है। नौवें स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड ने अब तक मौजूदा चैंपियनशिप साइकिल में एक भी टेस्ट नहीं खेला है।

# महिला बिग बैश लीगः मेलबर्न स्टार्स ने होबार्ट हरिकेन्स को 37 रन से हराया



**मेलबर्न**। महिला बिग बैश लीग में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स ने होबार्ट हरिकेन्स को 37 रन से हरा दिया। मेलबर्न स्टार्स के दिए 152 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी होबार्ट हरिकेन्स सिर्फ 114 रन पर सिमट गई। होबार्ट हरिकेन्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। मेलबर्न स्टार्स ने विकेटकीपर एमी जोंस के 40 गेंद पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से बनाए 59 और डेनिले गिब्सन के 27 गेंद पर 1 छक्के और 5 चौके की मदद से बनाए 39 रन की मदद से 20 ओवर में 6 विकेट पर 151 रन बनाए। होबार्ट के लिए निकोला कैरी ने 2 विकेट लिए। लिंसे स्मिथ, हेले सिल्वर होम्स, नट सेवियर ब्रंट और लॉरेन स्मिथ ने 1-1 विकेट लिए।

151 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी होबार्ट की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 13 के स्कोर पर अपने दोनों ओपनर्स गंवा दिए। इन दो झटकों से टीम कभी उबर नहीं सकी। विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और पूरी टीम 16.2 ओवर में 114 रन पर सिमट गई।

कप्तान एल्सी विलानी 21 गेंद पर 38 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। नट सेवियर ब्रंट ने 21 गेंद पर 27 रन बनाए। निकोला कैरी और हेले सिल्वर होम्स ने 18-18 रन बनाए। मेलबर्न के लिए सोफी डे ने बेहतरीन गेंदबाजी की। सोफी ने 3.3 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। मारिजेन कैप ने 2, एनाबेल सदरलैंड ने 2 जबकि किम गार्थ और रिस मेक्केना ने 1-1 विकेट लिए।

मेलबर्न स्टार्स की एमी जोंस प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

हार के बावजूद होबार्ट हरिकेन्स अंक तालिका में पहले स्थान पर है। टीम ने 7 मैचों में 5 मैच जीते हैं और सिर्फ 2 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

मेलबर्न 6 मैच में 4 जीत, 1 हार और 1 टाई के साथ 9 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

# रकुल प्रीत सिंह ने माता-पिता की सालगिरह पर लिखा इमोशनल नोट



**मुंबई** । अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अपने माता-पिता की शादी की सालगिरह के मौके पर सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं दी। बुधवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे अपने माता-पिता के साथ यादगार पल बिताती नजर आ रही हैं। वहीं, वीडियो में अभिनेत्री ने 'तुम हो तो' गाना ऐड किया। वीडियो पोस्ट कर उन्होंने लिखा, "दो प्यारे लोगों को शादी की शुभकामनाएं, जिन्होंने मुझे सच्चे प्यार का अर्थ समझाया है और बताया है कि प्यार स्थिर और धैर्य से भरा है।" अभिनेत्री ने लिखा, "मां और पापा, आपके साथ तय की गई इस यात्रा में मेरी जिंदगी की नींव रही है। आप जैसे एक-दूसरे को सहारा देते हो, हंसते हैं, और हर मुश्किल का सामना मिलकर करते हैं। यह सब मुझे शब्दों से ज्यादा प्रेरणा देता है।"

उन्होंने लिखा, "मैं आपकी बहुत आभारी हूं कि मुझे इतना सच्चा, मजबूत और प्यारा रिश्ता देखने को मिला। आप दोनों के दिल हमेशा ऐसे ही धड़कते रहें। आप दोनों से बहुत प्यार।"

रकुल प्रीत सिंह के पिता कुलविंदर सिंह, भारतीय सेना में एक रिटायर्ड कर्नल हैं। वहीं, अभिनेत्री आज जो कुछ भी हैं, उसके पीछे उनकी मां का बड़ा हाथ है। अभिनेत्री ने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी और उन्होंने 2011 में मिस इंडिया पैजेंट में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने पांचवां स्थान हासिल किया था।

अभिनेत्री की हालिया रिलीज फिल्म 'दे दे प्यार दे -2' है। फिल्म ने रिलीज के बाद दर्शकों में अच्छी जगह बनाई है। कॉमेडी और रोमांस से भरपूर फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल के अलावा, अजय देवगन, आर माधवन, जावेद जाफरी और उनके बेटे मीजान जाफरी भी हैं। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है।

# स्कूलों के बच्चे बिना लाइसेंस चला रहे दोपहिया वाहन पुलिस प्रशासन की बड़ी लापरवाही, शहर में बढ़ रहा हादसों का खतरा

## बिना हेलमेट के वाहन चला रहे 13 से 16 साल के बच्चे, अभिभावकों की लापरवाही से स्कूलों में वाहनों पर आ रहे

सुनील / अशवनी पाहवा
लुधियाना |समर न्यूज़



स्कूलों के बाहर दोपहिया वाहन चलाते नाबालिग बच्चे।

फोटो, लक्की भट्टी -समर न्यूज़

अंडर-एज ड्राइविंग को लेकर प्रशासन चाहे कितने भी नियम बना ले, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ये सारे नियम सिर्फ सरकारी फाइलों और मीटिंगों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। सड़कों पर दिखता है कि स्कूली बच्चे अपने निजी वाहनों को चलकर स्कूल पहुंचते हुए। इन नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाकर स्कूल पहुंचना न हीं स्कूल प्रशासन को दिखता है और ना ही पुलिस प्रशासन को। जब भी महानगर में ऐसा ही कोई बड़ा हादसा हो जाता है तो फिर आनन फानन में पुलिस द्वारा स्पेशल नाके लगाकर चालान काटने का ड्रामा भी होता है। कुछ दिन बीत जाने के बाद फिर से हालात सामान्य और किसी बच्चे अपने निजी वाहनों पर स्कूल पहुंचते हैं।

सुबह स्कूल समय पर महानगर के किसी भी स्कूल के बाहर 13 से 16 साल की उम्र के विधार्थी दोपहिया वाहन चलाते हुए आते जाते आसानी से नजर आ जाते हैं। न तो उनके पास लाइसेंस होता है, और न ही यातायात नियमों की समझ। कई बच्चों के सिर पर हेलमेट तक नहीं होता, जिससे सड़क हादसे का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह स्थिति शहर के एक-दो स्कूलों तक सीमित नहीं, बल्कि लगभग हर प्राइवेट और सरकारी स्कूल के बाहर देखी जा सकती है।

**बच्चे हो रहे सड़क हादसे का शिकार**

ट्रैफिक पुलिस, जिला प्रशासन और ट्रांसपोर्ट विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी है कि इन मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाए, लेकिन इन सभी विभागों की लापरवाही स्पष्ट दिखाई देती है। स्कूलों के बाहर न तो कोई चेकिंग दिखती है और न ही कोई विशेष अभियान चलाया जाता है। ऐसा लगता है जैसे अंडर-एज ड्राइविंग को तीनों विभागों ने अपनी प्राथमिकता की सूची से बाहर कर दिया है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इस ढिलाई का सीधा असर बच्चों की सुरक्षा पर पड़ सकता है। नाबालिग चालक अनुभवहीन होते हैं और उनका संतुलन व निर्णय क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं होती, जिसके चलते सड़क हादसों का जोखिम बहुत बढ़ जाता है। शहर में पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां कम उम्र में वाहन चलाने की वजह से बच्चे हादसों का शिकार बने।

**स्कूल के बाहर होनी चाहिए चेकिंग**

अभिभावकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। कई माता-पिता स्वयं बच्चों के हाथ में वाहन देकर उन्हें स्कूल भेज देते हैं, जो कानूनन अपराध तो है ही, साथ ही बच्चों को गलत दिशा में प्रेरित भी करता है। कम उम्र में नियम तोड़ने की आदत डालना उनके भविष्य पर गंभीर असर डाल सकता है। प्रशासन को चाहिए कि स्कूलों के बाहर नियमित चेकिंग अभियान चलाए, अभिभावकों को चेतावनी नोटिस जारी करे और स्कूल प्रबंधन को भी इस पर सख्त निर्देश दे। तभी अंडर-एज ड्राइविंग पर काबू पाया जा सकेगा और बच्चों की जान को खतरे से बचाया जा सकेगा। एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह ने बताया कि स्कूलों के बाहर विशेष ड्राइव चलाई जाती है, जल्द ही इस ड्राइव को दोबारा से शुरू करवाया जाएगा।

# नगर निगम की कार्रवाई, सड़क और फुटपाथ से हटवाए कब्जे



नगर निगम के कर्मचारी कब्जे हटवाते हुए फोटो, लक्की भट्टी - समर न्यूज़

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम के तहबाजारी विभाग ने बुधवार को सराभा नगर क्षेत्र में सख़्त कार्रवाई करते हुए सड़क और फुटपाथों पर किए गए अवैध कब्ज़ों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान टीम ने कई जगहों पर लगे रेहड़ियां और बिना अनुमति लगाए गए ढांचे हटाए। अधिकारियों ने बताया कि आए दिन बढ़ते ट्रैफिक जाम और पैदल चलने वालों की परेशानी को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। विभाग की टीम सुबह से ही मौके पर पहुंच गई और पुलिस बल की मौजूदगी में सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को हटवाया।

तहबाजारी विभाग का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। क्षेत्र में दुकानदारों और रेहड़ी-फ़ड़ी वालों को पहले भी कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन सुधार न होने पर कार्रवाई करनी पड़ी। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में ऐसे अभियान अन्य इलाकों में भी चलाए जाएंगे ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रहे।

# बिना एनओसी पेड़ काटने के मामले में एनजीटी ने दोषियों पर कार्रवाई करने के दिए आदेश

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



सरहिंद नहर की कंक्रीट लाइनिंग के दौरान हुए बड़े पैमाने पर वन नुकसान के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पंजाब के जंगलात विभाग और जल संसाधन (सिंचाई) विभाग पर कड़ा रुख अपनाया है। ट्रिब्यूनल ने दोनों विभागों के मुख्य सचिवों को निर्देश दिया है कि दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

पब्लिक एक्शन कमेटी (पीएसी) के इंजीनियर कपिल अरोड़ा और डॉ. अमनदीप सिंह बैंस के अनुसार, दिसंबर 2024 में शुरू हुए लाइनिंग कार्य के दौरान स्थानीय लोगों ने पेड़ कटाई और वन भूमि को नुकसान की शिकायतें उठाईं। मौके पर पहुंचे पीएसी सदस्यों ने जांच में पाया कि रूपनगर डिवीजन के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने ठेकेदारों को बिना जंगलात विभाग की अनिवार्य एनओसी लिए पेड़ काटने और वन क्षेत्र में गैरकानूनी बैचिंग प्लांट लगाने की अनुमति दी थी। अवैध खनन के चलते पेड़ों की जड़ें उजड़ गईं और श्रेणी-1 के दो सांपों की मौत की पुष्टि भी हुई।पीएसी की शिकायत पर एनजीटी द्वारा नियुक्त संयुक्त समिति ने जांच की और लगभग सभी आरोपों की पुष्टि की। जंगलात विभाग ने ट्रिब्यूनल को बताया कि अवैध रूप से काटे गए पेड़ों की लकड़ी भी गायब है। विभाग ने दोराहा थाने में शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन पुलिस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। पीएसी के जसकीरत सिंह, गुरप्रीत सिंह और मोहित सग्गड़ ने बताया कि जंगलात विभाग ने जल संसाधन विभाग पर 40 लाख रुपये से अधिक का पर्यावरण मुआवजा लगाया है, जिसमें से 11.19 लाख रुपये वसूले भी जा चुके हैं। पीएसी का कहना है कि यह मुआवजा आखिरकार जनता की रकम से दिया जा रहा है, जबकि गलती अधिकारियों की थी जिन्होंने अनिवार्य मंजूरियां नहीं लीं।

**एनजीटी ने दिए कड़े निर्देश**

ट्रिब्यूनल ने माना कि वन क्षेत्र में बैचिंग प्लांट बिना एनओसी और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ लिए लगाए गए, जो इंडियन फॉरेस्ट एक्ट 1927 का स्पष्ट उल्लंघन है। एनजीटी ने आदेश दिया कि जंगलात विभाग धारा 29, 30, 32 और 33 के तहत चल रही कार्रवाई को तेज करें और चार माह में रिपोर्ट पेश करे। नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों पर दोनों विभाग तुरंत कार्रवाई करें। जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव उन अधिकारियों की पहचान करें, जिनकी मिलीभगत से यह अनियमितताएं हुईं, और तीन माह में रिपोर्ट सौंपें। पीएसी सदस्यों ने फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह निर्णय उन अधिकारियों के लिए सख्त संदेश है जो विकास के नाम पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने से नहीं हिचकते। उन्होंने कहा कि एनजीटी का आदेश पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अवैध निर्माण पर चला निगम का बुलडोजर

लक्की मेहता| लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम ने बुधवार को अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शहर के विभिन्न इलाकों में छह अर्धनिर्मित अवैध इमारतों को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा एक अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया और सड़क पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। निगम अधिकारियों के अनुसार, शेरपुर क्षेत्र में तीन, कॉलेज रोड पर दो और उत्तम विहार (बिंद्राबन रोड) में एक अवैध इमारत को गिराया गया। वहीं कॉलेज रोड स्थित एक अन्य अवैध निर्माण को सील कर दिया गया है। एटीपी (जोन डी) हरविंदर सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचवाल के निर्देश पर की गई। उन्होंने कहा कि एल्पाइन वुड स्कूल के पास बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ढहा दिया गया।

# महिला से 25 लाख की ठगी, एयरपोर्ट पर पकड़ा गया फर्जी वीजा, पुलिस जांच में जुटी

## इंस्टाग्राम पर इमीग्रेशन फर्म का विज्ञापन डालकर महिला से की ठगी

समर न्यूज़| लुधियाना

खन्ना के पायल क्षेत्र की एक महिला को कनाडा में वर्क परमिट दिलाने का झांसा देकर 25 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने इंस्टाग्राम पर इमीग्रेशन फर्म का विज्ञापन डालकर महिला को जाल में फंसाया और वीजा फीस के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए। लेकिन जब पीड़िता कनाडा जाने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची, तो उसका वीजा फर्जी निकला और उसे वहीं रोककर वापस भेज दिया गया।

पीड़िता अमनदीप कौर ने बताया कि ठगों ने पैसे वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी तक दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए खन्ना साइबर क्राइम पुलिस ने गुजरात निवासी पटेल शिल्पाबेन, कोट ईसे खां निवासी कुलजीत पाल सिंह, अमृतसर निवासी जसकर्न सिंह और दिल्ली के रानी बाग के राहुल शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

अमनदीप कौर ने इंस्टाग्राम पर एक इमीग्रेशन फर्म का विज्ञापन देखा, जिसमें कनाडा का वर्क परमिट और स्थायी निवास दिलवाने का दावा किया गया था। विज्ञापन पर दिए टोल-फ्री नंबर पर कॉल करने के बाद ठगों ने भरोसा दिलाया कि वे वीजा मिलने के बाद ही फीस लेते हैं। ठगों ने 25 लाख रुपये में दो साल का वर्क परमिट और पीआर दिलवाने का सौदा किया। 5 नवंबर 2024 को महिला ने 15 लाख रुपये ट्रांसफर किए, यह कहकर कि उसे जल्द पीपीआर लेटर मिल जाएगा। बाद में फर्जी वीजा मिलने का दावा कर उससे 10 लाख रुपये और ले लिए गए। 27 फरवरी को जब महिला दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची, तो जांच में वीजा फर्जी पाया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने उसे यात्रा की अनुमति नहीं दी और वापस भेज दिया। इसके बाद पीड़िता ने 15 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों पर आईपीसी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## भगवान श्री राम विवाह पंचमी के पुण्य अवसर पर मंदिर शिखर पर किया गया ध्वजारोहण

# मंदिर और तीर्थ स्थान ऊर्जा का केंद्र है यहां जाने से मन को मिलती है शांतिः अमन ऋषि जैन

समर न्यूज़ | लुधियाना



सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर शंकराचार्य नगर (हैबोवाल कलां) में श्रंखलाबद्ध 1303 वां हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन ,उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में किया गया। मंदिर में 1303 वां हवन यज्ञ किया गया जिसमें सौभाग्यशाली यजमान परिवार व भक्तों द्वारा मंगल कामना के साथ भक्तों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली।

हवन यज्ञ को मंदिर के आचार्य आचार्य पंडित विष्णु जी, पंडित देवी दयाल जी, पंडित राम जी, पंडित संजय जी, पंडित सुरेश जी, पंडित विश्राम जी, पंडित नारायण जी द्वारा पूर्ण मंत्रोउच्चारण के संम्पन कराया गया।

इस अवसर पर भक्तों ने मंगल कामना के साथ हवन यज्ञ में आहुतियां डाल विश्व शांति की प्रार्थना की।हवन यज्ञ उपरांत भगवान श्री राम विवाह पंचमी के पुण्य अवसर पर मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन व उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि ध्वजारोहण अयोध्या में बने श्री राम मंदिर के सम्पूर्ण होने व विवाह पंचमी का प्रतीक है। प्रधान अमन जैन व् उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि मंदिर प्रधान स्व अशोक जैन जी की प्रेरणा से आरम्भ की गई धार्मिक यात्रा के चलते मंदिर यात्रा संघ जत्था मेहंदीपुर बालाजी जी यात्रा कर लौटा है।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार व् युवाओं को अपनी संस्कृति से परिचित कराने व् सनातन धर्म के इतिहास प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से धार्मिक यात्राएं जत्थे के रूप में जारी है तांकि युवाओं को अपने धर्म व् अपनी संस्कृति का बोध हो और जागरूक हो विश्व में सनातन धर्म का प्रचार व् प्रसार करें। उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि धर्म के हितों की रक्षा के लिए व् सदैव वचनबद्ध रहेंगे और धार्मिक यात्राओं का प्रयास जारी रहेगा। अनुज मदान ने कहा कि सभी प्राचीन मंदिरों का निर्माण वास्तु के अनुसार किया गया है। मंदिरों की बनावट ऐसी होती है, जहां सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हमेशा बना रहता है। मंदिर में आने वाले भक्तों के नकारात्मक विचार नष्ट होते हैं और सोच सकारात्मक बनती है। मंदिरों और तीर्थो को ऊर्जा का केंद्र माना जाता है। इसी वजह से मंदिर या तीर्थ पर जाने से हमारे मन को शांति मिलती है। शांत मन और सकारात्मक सोच के साथ किए गए काम में सफलता मिलती है।

# राम नगर में सड़क पर मिला व्यक्ति का शव

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अशवनी पाहवा| समराला
समर न्यूज़



समराला चंडीगढ़ रोड स्थित राम नगर के इलाके बाला जी कॉलोनी में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लोगों ने सड़क के बीच एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंच मामले की जानकारी थाना जमालपुर की पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल में रखवा मामले की जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शी रमेश ने बताया कि बुधवार सुबह करीब छह बजे वह रोजाना की तरह जिम के लिए जा रहा था तो सड़क पर एक व्यक्ति को पड़ा हुआ देखा। शुरुआत में लगा कि शायद वह नशे की हालत में गिरा हुआ है, लेकिन पास जाकर देखा तो उसके सिर से खून बह रहा था। रमेश के अनुसार, यह समझना मुश्किल था कि व्यक्ति गिरकर घायल हुआ या किसी ने उसपर हमला किया। इसके बाद उसने तुरंत पुलिस को फोन कर सूचना दी। मृतक की पहचान संजय वर्मा (43) निवासी बाला जी कॉलोनी के रूप में हुई है। संजय शादीशुदा था और दो बच्चों का पिता था। वह पास की ही एक फैक्ट्री में काम करता था। परिजनों को सुबह करीब साढ़े छह बजे फोन कॉल के माध्यम से उसकी मौत की जानकारी मिली। मृतक के पिता ने बताया कि वे दूसरी जगह रहते हैं। अचानक फोन आने पर उन्हें विश्वास नहीं हुआ कि उनके बेटे की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि यह समझ नहीं आ रहा कि आखिर उसके साथ क्या हुआ और वह सड़क पर कैसे गिरा मिला। परिजनों ने शक जताया कि उनके बेटे की हत्या की गई है, उन्होंने बताया कि संजय के सिर पर पीछे की ओर से तेजधार हथियार से हमला किया गया है। वहीं उसका मोबाइल फोन और जेब से पर्स गायब है। जिसकी उन्होंने पुलिस को जानकारी दे दी है। मौके पर पहुंची थाना जमालपुर की पुलिस ने बताया कि सुबह लगभग छह बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति सड़क पर मृत अवस्था में पड़ा है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, यह कहना अभी संभव नहीं है कि मामला सड़क दुर्घटना का है या फिर किसी ने हत्या की है। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया था, जहां फोरेंसिक टीम ने कई पहलुओं पर जांच की है। मृतक के शरीर पर मिले घावों की प्रकृति और आसपास के हालात को देखते हुए पुलिस दोनों एंगल से जांच कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो पाएगी। फिलहाल परिजनों के बयान पर मामला दर्ज किया जा रहा है और पुलिस सभी पहलुओं को मद्देनजर रखते हुए जांच में जुटी है।

# प्लास्टिक की कुर्सी बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग



अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

फोकल प्वाइंट फेस-7 स्थित हाइवे फर्नीचर इंडस्ट्रीज में अचानक आग लग गई। प्लास्टिक की कुर्सियां बनाने वाली इस फैक्ट्री में भारी मात्रा में प्लास्टिक दाना व तैयार माल होने से आग तेजी से फैल गई। मालिक कुलदीप जैन के अनुसार करीब 2 बजे धुआं उठने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कच्चा माल, तैयार सामान और कुछ मशीनें जलकर राख हो गईं। लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। कारण स्पष्ट नहीं, शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। राहत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

**प्रतियोगिता**

## छात्रों ने विभिन्न विषयों पर कलात्मक प्रस्तुतियां पेश की

# वेटरनरी विश्वविद्यालय का चौदहवां युवा मेला हुआ शुरू

समर न्यूज़ | लुधियाना




गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना का चौदहवां युवा मेला ज्ञान प्रदर्शन और कोमल कला प्रतियोगिताओं के साथ शुरू हुआ। डॉ जतिंदर पाल सिंह गिल, वाइस चांसलर ने बिना मंच के होने वाली प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। डॉ. गिल ने इन प्रतियोगिताओं के लिए छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए उन्हें किसी कलात्मक अथवा सांस्कृतिक गतिविधि में भाग लेना चाहिए। डॉ. राबिंदर सिंह औलख, निदेशक छात्र कल्याण ने कहा कि युवा मेले आत्म-अभिव्यक्ति का बढ़िया मंच हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के कलात्मक कौशल को निखारने के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है। युवा मेले के प्रशासनिक सचिव डॉ. सर्वप्रीत सिंह घुम्मन ने कहा कि आज पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें फोटोग्राफी, क्विज, पोस्टर मेकिंग, शब्द गायन और कार्टून मेकिंग शामिल थीं। कार्टून बनाने की थीम सोशल मीडिया का असर थी। पोस्टर मेकिंग का विषय युवक मेला' था जबकि फोटोग्राफी का विषय सर्दियों के रंग था। छात्रों ने विभिन्न विषयों पर बहुत ही कलात्मक और प्रभावी वातावरण तैयार किया। रजिस्ट्रार डॉ. सुरेश कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शब्द गायन और क्विज प्रतियोगिताओं के सत्र की शोभा बढ़ाई। वेटरनरी साइंस कॉलेज, लुधियाना, कॉलेज ऑफ फिशरीज, कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फ़ूड साइंस टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी, वेटरनरी साइंस कॉलेज रामपुरा फूल (बठिंडा), वेटरनरी पॉलिटेक्निक कालझरानी के साथ खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज, अमृतसर ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। डॉ घुम्मन, प्रशासनिक सचिव ने बताया कि कल की प्रतियोगिताएं वेटरनरी साइंस कॉलेज परीक्षा हॉल में आन द स्पाट पेंटिंग सुबह 9 बजे, मॉडलिंग दोपहर 1 बजे, कोलाज मेकिंग दोपहर साढ़े तीन बजे आयोजित की जाएगी। फोटोग्राफी में कीरत कौर बराड़, कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फ़ूड साइंस टेक्नोलॉजी, आदर्श कुमार, कालेज आफ फिशरीज, परमनूर सिंह, खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज, अमृतसर ने जीत हासिल की। प्रश्नोत्तरी में कालेज आफ फिशरीज, कॉलेज ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी, खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज, अमृतसर ने जीत हासिल की।

# हरिनाम संकीर्तन महोत्सवः रविनंदन शास्त्री के भजनों पर झूम उठे भक्त

समर न्यूज़ | लुधियाना



एकता दंडी स्वामी महाराज जी के शुभ आशीर्वाद से सिद्धपीठ दंडी स्वामी ट्रस्ट, सेवा परिकर तथा श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल सेवक सिद्धपीठ द्वारा आयोजित 75वें श्री हरिनाम संकीर्तन तथा गौलोकवासी पंडित जगदीश चंद्र कोमल जी महाराज के 25वें वरदान दिवस के पावन महोत्सव के सतार वें दिन हरि कथा की धारा बही। पंडित राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में चल रहे 38 दिवसीय महा संकीर्तन हरि चर्चा मय रहा। विशेष रूप से श्री धाम वृन्दावन से रविनंदन शास्त्री जी महाराज पधारे। भजन लाडली श्यामा किशोरी श्यामा, हे स्वामिनी हमारी स्वामिनी कब तुम कृपा करोगी, लाडली वृंदावन रस दीजे, प्यारी प्यारी प्यारी तेरी मुस्कान लाडली, तेरी अखियां है जादू भरी बिहारी में, हे राधा रानी, मेरी महारानी हो बरसाना तेरा मेरे मन भा गया, राधा राधा राधा राधा नाम से वातावरण को श्रीधाम बरसाना बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सिद्ध पीठ परिकर के केशव जोशी, विशाल अरोड़ा,प. दीपक शर्मा, अश्वनी ग्रोवर ने संकीर्तन किया। अपने वाणी में श्री रविनंदन शास्त्री जी ने कहा कि संतों का आशीर्वाद, रसिक जनों का आशीर्वाद, भगवत कृपा, नाम कृपा, धाम कृपा, हरि चर्चा इन सबका अगर वरदान है तो नाम संकीर्तन ही वो वरदान है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 82